लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

30 अक्टूबर 2026 शुक्रवार
वर्ष : 20 अंकः 117
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्यः 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth

www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep www.lokhastakshep.com

यूपी में हिंसक प्रदर्शन करने वालों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

नियम पर भड़की सपा–कांग्रेस, जेन–जी के समर्थन में उतरीं पार्टियां

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी की भर्ती के दौरान चरित्र सत्यापन के नियमों को सख्त किए जाने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। नए निर्देशों के तहत हिंसक गतिविधियों और व्यवस्था को हिंसा के जरिए बदलने की कोशिश करने वाले संगठनों से जुड़े लोगों के चरित्र की जांच पर विशेष जोर दिया गया है। इस फैसले को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) ने सरकार पर निशाना साधा है। विपक्ष का आरोप है कि इन नियमों के जरिए युवाओं को आंदोलनों में भाग लेने से रोकने और उनकी आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को हिंसा के नाम पर देशद्रोही ठहराने की कोशिश कर रही है। आंदोलन में भाग लेने वाले युवाओं को नौकरी से वंचित करने की चेतावनी देना लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है।

राजपूत ने कहा कि देश के युवा अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहेंगे और सरकार की ऐसी कोशिशों का विरोध किया जाएगा। कांग्रेस ने इसे युवाओं के अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता उदयवीर ने भी इन निर्देशों पर सवाल उठाए। विरोध करने का अधिकार स्वतंत्र भारत में संवैधानिक व्यवस्था का हिस्सा है। उनके मुताबिक, इस तरह के आदेश ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की याद दिलाते हैं, जब सत्ता के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाने के प्रयास किए जाते थे। सपा का आरोप है कि सरकार डर और दबाव की राजनीति कर रही है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध और असहमति को अपराध की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों, निगमों और स्थानीय निकायों में भर्ती के दौरान चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया को अधिक सख्त बनाने के निर्देश दिए गए हैं। नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज की ओर से जारी निर्देशों में पुलिस को सत्यापन रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर देने की बात कही गई है। निर्देशों के मुताबिक, केवल एफआईआर दर्ज होने या जांच लंबित रहने से किसी अभ्यर्थी को स्वतः अयोग्य नहीं माना जाएगा। हालांकि, संबंधित मामले और अभ्यर्थी की भूमिका की जांच की जा सकती है। पहले से सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के लिए इस प्रक्रिया को अलग रखा गया है।

चंद्रभानु पासवान ने सीएम योगी से की मुलाकात, सड़क पानी–बिजली की समस्याओं के समाधान की मांग

लखनऊ,संवाददाता। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रभानु पासवान एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए पत्र सौंपा। उन्होंने सड़क, पेयजल और बिजली से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए इनके शीघ्र निराकरण की मांग की। साथ ही मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित भी किया। विधायक चंद्रभानु पासवान ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का बेहतर होना आम जनता के जीवन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान विधायक ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री से उनके लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।विधायक की इस पहल के माध्यम से मिल्कीपुर क्षेत्र की सड़क, पेयजल और विद्युत व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को शासन के समक्ष उठाया गया। अब क्षेत्रीय लोगों को इन समस्याओं के समाधान और विकास योजनाओं के लोकार्पण को लेकर सरकार की ओर से आवश्यक कार्रवाई की प्रतीक्षा है।

नीट–यूजी पेपर लीक मामले में आरोपियों पर आरोप तय करने के आदेश सुरक्षित

एजेंसी,नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को नीट–यूजी (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) प्रश्नपत्र लीक मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने कहा कि आदेश 18 नवंबर को सुनाया जाएगा। इस साल के आरंभ में, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 13 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। यह मामला वर्तमान में त्वरित अदालत में चल रहा है, जो श्परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य अनुचित साधनों के इस्तेमाल से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई कर रही है।

सीबीआई ने 14वें आरोपी, महाराष्ट्र के नांदेड़ निवासी शेषराव बजरंग सूर्यवंशी (उर्फ राज सूर्यवंशी) के खिलाफ भी एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था। सूर्यवंशी को दो सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा (स्नातक), यानी नीट यूजी मेडिकल की पढ़ाई करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाती है। एनटीए ने 12 मई को प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बीच तीन मई को आयोजित नीट–यूजी परीक्षा रद्द कर दी थी।

पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बीजेपी को झटका

एजेंसी,नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में बड़ा झटका लगा है। वाराणसी मंडल की दोनों विधान परिषद सीटों पर समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपना कब्जा बरकरार रखा है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा के लाल बिहारी यादव ने जीत दर्ज की, जबकि वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में सपा के मौजूदा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने भाजपा के उम्मीदवार केदारनाथ सिंह को हरा दिया। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में हार स्वीकार करते हुए भाजपा उम्मीदवार केदारनाथ सिंह ने फेसबुक पर संदेश साझा किया। उन्होंने जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करने की बात कही। मतगणना जारी रहने के दौरान उनका यह संदेश सामने आया। वाराणसी प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र है।

रामलीला मैदान की रैली से पहले इंडिया गठबंधन का मंथन

एजेंसी,नयी दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों ने अपना विरोध तेज करने की तैयारी कर ली है। इसी सिलसिले में गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर विपक्षी नेताओं की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई नेता शामिल हुए। बैठक में प्रस्तावित 'जनता का महाभियोग' कार्यक्रम और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। विपक्ष मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित चुनावी अनियमितताओं को लेकर लगातार सवाल उठा रहा है। हालांकि, चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोप विपक्ष के दावे हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने भाजपा पर चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को छिपाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष इन मामलों की सच्चाई जनता के सामने लाना चाहता है। विपक्ष का उद्देश्य यह सवाल उठाना है कि कथित गड़बड़ियां कैसे हुईं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

राहुल गांधी ने की 1 नवंबर के रामलीला मार्च में शामिल होने की अपील

एजेंसी,नयी दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने गुरुवार को लोगों से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक के मार्च में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी रोकने और संविधान की रक्षा के लिए एक आंदोलन बताया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में जारी एक वीडियो संदेश में राहुल गांधी ने कहा कि यह मार्च किसी खास राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के लिए है। उन्होंने वीडियो में कहा, चलो दिल्ली रामलीला मार्च लोकतंत्र बचाने का, वोट चोरी रोकने का और संविधान बचाने का मार्च है। यह किसी एक राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं है, यह हिंदुस्तान की आत्मा का मार्च है। उन्होंने कहा, जो भी लोग प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त से तंग हैं।

जो भी लोकतंत्र बचाना चाहते हैं और संविधान की रक्षा करना चाहते हैं, सभी आइए। एक ही प्रोटेस्ट है। देश का प्रोटेस्ट है। राहुल गांधी ने कहा, पुलिस की चिंता मत कीजिए, लाठीचार्ज की चिंता मत कीजिए, भाजपा में इतनी हिम्मत नहीं होगी कि वे अपनी कोई हरकत आजमाएं।

चक्रवात 'अर्नब' का पूर्वांचल में असर : वाराणसी गोरखपुर समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

वाराणसी/गोरखपुर। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने पूर्वी उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल) में भारी तबाही मचाई है। चक्रवात के असर से गुरुवार सुबह से ही वाराणसी, गोरखपुर, भदोही, महाराजगंज, जौनपुर और गाजीपुर समेत पूरे पूर्वांचल में बारिश का सिलसिला जारी है। बेमौसम हुई इस बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए पूर्वांचल के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

तापमान में भारी गिरावट,

अचानक हुए इस मौसमी बदलाव के कारण पूर्वांचल के अधिकतम तापमान में 6 से 9 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। दिन में ही छाए घने काले बादलों और ठंडी हवाओं के कारण लोगों को समय से पहले ही ठंड का अहसास होने लगा है। कई इलाकों में जलजमाव और बिजली कटौती के कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों की कमर टूटी, धान की तैयार फसलें तबाह

इस बेमौसम बरसात ने सबसे तगड़ा झटका क्षेत्र के किसानों को दिया है। खेतों में कटाई के लिए पूरी तरह तैयार खड़ी धान की फसलें तेज आंधी के कारण जमीन पर बिछ गई हैं, जिससे उनके सड़ने का खतरा पैदा हो गया है। इसके अलावा, अगेती रबी फसलों की बुवाई और मौसमी सब्जियों की खेती को भी इस तूफान से व्यापक नुकसान पहुंचा है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश इस सीजन में खेती के लिए एक बड़ा संकट बनकर आई है।

प्रशासन हाई अलर्ट पर, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

चक्रवात श्अर्नबश के गंभीर रुख को देखते हुए राज्य सरकार पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल के सभी जिलाधिकारियों को फील्ड पर उतरकर स्थिति की निगरानी करने के सख्त निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने किसानों को सलाह दी है कि वे खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करें।

खाद की कालाबाजारी और जबरन टैगिंग पर होगी सख्त कार्रवाई, निर्धारित दर पर ही बेचें : डीएम

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

लखीमपुर खीरी। रबी सीजन में किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को अटल सभागार में आयोजित जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में डीएम ने साफ तौर पर निर्देश दिए कि निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री, जबरन टैगिंग और उर्वरकों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में डीएम ने सब्सिडी वाले उर्वरकों के दुरुपयोग को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को शिकायतों की तत्काल जांच करने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि विकासखंडवार आच्छादित क्षेत्रफल के अनुपात में उर्वरकों का आवंटन किया जा रहा है। सहकारी समितियों को सहकारिता विभाग के माध्यम से खाद उपलब्ध कराई जा रही है। डीएम ने कंपनी प्रतिनिधियों और विक्रेताओं को निर्देश दिए कि यूरिया–डीएपी के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग न करें। खाद का वितरण सुबह नौ से शाम छह बजे तक पीओएस (पॉस) मशीन के माध्यम से ही किया जाएगा। वितरण के दौरान किसानों का मोबाइल नंबर, खतौनी और फार्मर आईडी दर्ज करने के साथ कैशमेमो देना अनिवार्य होगा। बिक्री केंद्रों पर स्टॉक और रेट बोर्ड सहित सभी रजिस्टर अपडेट रखने होंगे। भारत–नेपाल सीमा पर खाद के अनधिकृत डायवर्जन पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

फसल बीमा का क्लेम समय से दिलाने के निर्देश

इसके बाद जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने फसल बीमा योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र किसानों को क्लेम की धनराशि समय से दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना से जोड़ने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि फसल नुकसान की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। बैठक में डीडी कृषि गिरीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी और विक्रेता उपस्थित रहे।

ऑटो की टक्कर से सिपाही गंभीर घायल

लखीमपुर खीरी,संवाददाता।

धौरहरा क्षेत्र में लालपुरवा चौराहे के पास बुधवार शाम ऑटो की टक्कर से पुलिस विभाग में तैनात एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी धौरहरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर के अनुसार, थाना पढ़ुआ क्षेत्र के रमुआपुर मजरा समेरी निवासी राहुल (30) गोंडा में सिपाही के पद पर तैनात हैं। बुधवार, 28 अक्टूबर को छुट्टी लेकर वह घर लौट रहे थे।

सेवानिवृत्ति के 4 साल बाद भी नहीं मिला बोनस, पीड़ित ने डीएम से लगाई गुहार

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद में सरकारी विभागों की लेट–लतीफी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को रिटायरमेंट के चार साल बाद भी उसके हक का बोनस नहीं मिल सका है। परेशान होकर पीड़ित कर्मचारी ने अब जिलाधिकारी (डीएम) सीतापुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।



मामला नलकूप खंड–द्वितीय सीतापुर का है। यहां सिंचाई पर्यवेक्षक के पद पर तैनात रहे राम प्रसाद यादव 31 जुलाई 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। पीड़ित का आरोप है कि सेवानिवृत्ति के चार साल बीत जाने के बाद भी उन्हें वर्ष 2017–18 की बोनस धनराशि का भुगतान नहीं किया गया है। बकाया राशि पाने के लिए वह लगातार विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

राम प्रसाद यादव ने बताया कि उन्होंने 4 जुलाई 2024 को अधिशासी अभियंता नलकूप खंड–द्वितीय को भी लिखित शिकायत दी थी, लेकिन वहां से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्यालय जाने पर कभी अकाउंटेंट न होने तो कभी किसी अन्य वजह का हवाला देकर उन्हें हर बार टाल दिया जाता है। विभागीय रवैये से तंग आकर पीड़ित ने 25 अक्टूबर 2026 को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने डीएम से मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर उनका बकाया बोनस जल्द से जल्द दिलवाया जाए। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

पति से विवाद के बाद विवाहिता ने की आत्महत्या

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

खागा। कोतवाली के पुरइन गांव में गुरुवार दोपहर एक 32 वर्षीय विवाहिता ने घर के अंदर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरइन निवासी विमलेश चौहान खागा पावर हाउस में मजदूरी करता है। सुबह किसी बात को लेकर पति–पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद विमलेश अपने तीन बच्चों कृष्णा, मानव और पायल को स्कूल छोड़ने चला गया। बताया जा रहा है कि उसके जाने के बाद पत्नी सुमन देवी ने दूसरी मंजिल के कमरे में जाकर यह कदम उठा लिया। पति जब स्कूल से लौटा तो घटना की जानकारी हुई। उसने तुरंत स्वजन और पुलिस को सूचना दी। मृतका का मायका हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव में है।

सूचना पर मझिलगांव चौकी से दरोगा प्रभाष चंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस पर जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी रिपोर्ट लगाने का आरोप, कार सेल्स मालिक को बचाने की चर्चा

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली पुलिस एक बार फिर विवादों में है। पुलिस पर जनसुनवाई पोर्टल पर बिना जांच किए फर्जी आख्या लगाकर शिकायत निस्तारित करने का आरोप लगा है। आरोपी कार सेल्स मालिक रोहित गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई न होने से पीड़ित परेशान है। पीड़ित ने गत 3 अक्टूबर को शहर कोतवाल से शिकायत की थी। सुनवाई न होने पर उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40015326057216 दर्ज कराई। आरोप है कि संकटा देवी चौकी पुलिस ने पीड़ित को बिना बुलाए ही मनमाने ढंग से फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत बंद कर दी। इस एकतरफा कार्रवाई से चौकी की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर कार को पीछे से टक्कर

सुल्तानपुर,संवाददाता।

पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर गुरुवार तड़के हुए सड़क हादसे में आजमगढ़ के रघुवंश मणि त्रिपाठी (52) की मौत हो गई। वह पवई थाना क्षेत्र के पवई गांव के निवासी थे। हादसा आजमगढ़ से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर 89 वें किलोमीटर के पास सुबह करीब चार बजे हुआ। बताया जा रहा है कि किसी बड़े वाहन ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

लखीमपुर खीरी में 1 नवंबर को लगेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आम जनता को एक ही छत के नीचे कानूनी सहायता उपलब्ध कराने और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आगामी 1 नवंबर को एक वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर रविवार को सुबह 10 बजे से राजकीय आईटीआई राजापुर में आयोजित होगा। जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में होने वाले इस शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी अपने स्टॉल लगाएंगे। यहाँ आने वाले नागरिकों को न सिर्फ कल्याणकारी योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी, बल्कि मौके पर ही पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में पहुँचकर मुफ्त कानूनी परामर्श और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

हिलौली की रामलीला मुकुट पूजन वैदिक मंत्र उपचार के बीच संपन्न

उन्नाव,संवाददाता। हिलौली की ऐतिहासिक रामलीला में गुरुवार को गणेश पूजन और मुकुट पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। पूजन के साथ ही रामलीला आयोजन को लेकर उत्साह और तैयारियां तेज हो गई हैं। आचार्य गिरिजाशंकर दीक्षित और जितेंद्र दीक्षित ने विधिविधान से पूजन–अर्चन कराया। समिति अध्यक्ष मनोज शुक्ला और मेला रामलीला प्रभारी महेश सोनी ने भी पूजन में सहभागिता की। हिलौली की रामलीला वर्षों पुरानी परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। करवा चौथ से धनतेरस तक चलने वाले इस आयोजन में आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचते हैं। स्थानीय कलाकार अपने जीवंत अभिनय के जरिए प्रभु श्रीराम के आदर्शों, त्याग और मर्यादा का संदेश देते हैं। रामलीला के माध्यम से नई पीढ़ी को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जाता है।

उन्नाव जेल के बंदियों के हाथों बने दीयों से जगमगाएगी अयोध्या

- भेजे जाएंगे 5000 दीये और 5 किलो घी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। दीपावली के अवसर पर अयोध्या में रोशनी के लिए उन्नाव जिला जेल के बंदियों द्वारा तैयार किए गए 5000 मिट्टी के दीये भेजे जाएंगे। दीयों के साथ जेल की गौशाला में पल रही कालिंदी नामक गाय के दूध से तैयार करीब पांच किलो घी भी अयोध्या भेजा जाएगा। बताया गया कि जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि दीये तैयार करने के लिए बाहर से मिट्टी मंगाई गई है। इस कार्य में छह बंदी लगे हुए हैं, जो चाक की मदद से मिट्टी के दीये बना रहे हैं। दीपावली के मद्देनजर 5000 दीये

अयोध्या भेजने की तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिला जेल परिसर में गौशाला भी संचालित है, जहां कई गायें हैं और कुछ दूध देती हैं। कालिंदी नामक गाय के दूध से लगभग पांच किलो घी तैयार किया गया है। इस घी को भी साथ अयोध्या भेजा जाएगा। दीपावली पर अयोध्या के लिए बंदियों के हाथों से तैयार दीये और गौशाला में बनी घी की यह खेप जेल में संचालित गतिविधियों और बंदियों के श्रम को सामने लाती है।

रबी सीजन में खाद की उपलब्धता की डीएम ने की समीक्षा, निर्धारित दर पर वितरण के दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी,संवाददाता। रबी सीजन में किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनाने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सख्त निर्देश दिए। गुरुवार को अटल सभागार में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में उन्होंने उर्वरकों के आवंटन, उपलब्धता और वितरण की समीक्षा की। निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री, जबरन टैगिंग और उर्वरकों की कालाबाजारी पर रोक लगाने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि किसानों को आवश्यकतानुरूप उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। कालाबाजारी, अवैध भंडारण, निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री और उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सब्सिडी वाले उर्वरकों के दुरुपयोग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि उर्वरकों का आवंटन विकासखंडवार आच्छादित क्षेत्रफल के अनुपात में किया जा रहा है।

सहकारी समितियों को सहकारिता विभाग के माध्यम से खाद उपलब्ध कराई जा रही है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कंपनी प्रतिनिधियों और विक्रेताओं को निर्देश दिए कि यूरिया–डीएपी के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग न करें और निर्धारित दर पर ही खाद बेचें। वितरण सुबह नौ से शाम छह बजे तक पीओएस मशीन से किया जाए। किसानों का मोबाइल नंबर, खतौनी और फार्मर आईडी दर्ज करने के साथ कैशमेमो देना अनिवार्य होगा। बिक्री केंद्रों पर स्टॉक और रेट बोर्ड सहित सभी रजिस्टर अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सहकारी समितियों पर नियमित स्टॉक सत्यापन, पर्याप्त उपलब्धता और रोस्टरवार सचिवों की तैनाती पर चर्चा हुई। पीसीएफ की आपूर्ति एवं उर्वरकों के उठान में आ रही समस्याओं का समाधान करने और वितरण का रियल टाइम रिकॉर्ड सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही भारत–नेपाल सीमा पर बिक्री केंद्रों को नियमानुसार आवंटन, उर्वरकों के अनधिकृत डायवर्जन पर रोक और किसानों को संस्तुत मात्रा में खाद के प्रयोग के प्रति जागरूक करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में डीडी कृषि गिरीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त एवं निबंधन सहित अन्य अधिकारी, उर्वरक कंपनी प्रतिनिधि एवं थोक विक्रेता भी उपस्थित रहे। साथ ही डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में फसल बीमा योजना की समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को पात्र किसानों को क्लेम की धनराशि दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करें : बीईओ

मियागंज में प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

मियागंज (उन्नाव)विकास खण्ड मियागंज में खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) मनीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष अभियान 6.0 की गतिविधियों के साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र कुमार ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विद्यालयी स्वच्छता, अनुशासन, शैक्षिक अभिलेखों के रखरखाव, ड्रॉप बॉक्स के छात्रों के चिन्हांकन, एसएमसी (डब) खातों को खोलने की प्रगति और सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता, मेनू अनुपालन, कम्पोजिट ग्रांट का पारदर्शी उपभोग तथा आधार विहीन छात्रों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाए जाने की प्रगति की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद एआरपी (ल्ट) अभिषेक शुक्ल, धर्मेन्द्र कुमार यादव एवं दीप नारायण तिवारी ने छात्र उपस्थिति बढ़ाने, प्रभावी संकुल बैठकों के आयोजन, इको क्लब, आनंदम तथा निपुण लैब की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के विद्यालय स्तरीय आकलन और कैच अप शिक्षण पद्धति को अपनाकर मियागंज को शनिपुण ब्लॉकश बनाने का संकल्प दोहराया। अंत में बीईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्ययोजना बनाकर उसका कड़ाई से पालन करने की अपेक्षा की। बैठक में ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीडीओ

जौनपुर,संवाददाता। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों में आवेदन भेजे जाने के बावजूद लंबित हैं और जहां अब तक एक भी आवेदन स्वीकृत नहीं हुआ है, उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। सीडा क्षेत्र में निर्माणाधीन पार्क की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने सभी अवशेष कार्य आगामी बैठक से पहले पूर्ण कराने को कहा। उद्यमियों ने क्षेत्र में खराब पड़ी हाईमास्ट लाइटों की समस्या उठाई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को लाइटों की मरम्मत कराकर शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए गए। औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए अगली बैठक से पहले सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में गोयंका हौंडा, सिपाह के पास कूड़ा डंपिंग की समस्या का मुद्दा उठाया गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को समस्या के समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। त्रिलोचन महादेव मंदिर क्षेत्र में विद्युत ट्रिपिंग और सड़क संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने को कहा। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनका निर्धारित समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित साफ–सफाई और फॉगिंग कराने पर भी जोर दिया गया, ताकि स्वच्छ वातावरण बना रहे और उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अतिरिक्त श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठान पंजीयन, श्रमिकों के हितों की रक्षा तथा श्रम कानूनों के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

श्रमिकों से जुड़ी समस्याओं का नियमानुसार और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उपायुक्त उद्योग आशुतोष पाठक, सहायक श्रम आयुक्त देवव्रत यादव, जिला सूचना अधिकारी, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

मूर्ति विसर्जन के लिए जाते समय जनरेटर में आग लगी

सुल्तानपुर,संवाददाता।

कादीपुर कोतवाली अंतर्गत मुस्तफाबाद सरैया बाजार में मूर्ति विसर्जन के लिए ले जाते समय बड़ा हादसा हुआ है। ट्रैक्टर पर रखे जनरेटर में अचानक आग लगने से मौके पर अफरा–तफरी मच गई। इस दौरान आग बुझाने गया एक किशोर झुलस गया जिसे बुधवार रात कादीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से रात 12बजे 30 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कादीपुर कोतवाली मुस्तफाबाद सरैया बाजार में विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई थी।

पति की जान खतरे में बताकर पूजा-पाठ के नाम पर साइबर ठगों ने महिला से ठगे 1.38 लाख रुपये

सुल्तानपुर,संवाददाता। जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कजियाना उत्तरी की रहने वाली एक महिला को साइबर ठगों ने अंधविश्वास और झांसे में लेकर 1 लाख 38 हजार 900 रुपये की बड़ी ठगी का शिकार बना लिया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर थाना दोस्तपुर में भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, वादिनी अनुभा गुप्ता पत्नी शशीन्द्र भारतीय के पास 22 अक्टूबर को दोपहर करीब 12.33 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप वॉयस कॉल आया था। फोन करने वाले ने महिला को डराते हुए कहा कि उसके पति की जान खतरे में है और इस संकट को टालने के लिए तत्काल पूजा–पाठ कराना अनिवार्य है। यदि पूजा नहीं कराई गई, तो उनके पति के साथ कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। ठग के इस झांसे में आकर घबराई हुई महिला ने डर के मारे उसकी बात मान ली। ठग के निर्देश पर वादिनी ने अपने बैंक ऑफ इंडिया खाते से यूपीआई के जरिए 22 और 23 अक्टूबर को कुल 87,200 रुपये ट्रांसफर किए। इसके अलावा, उसने अपनी बहन के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते से भी 51,700 रुपये एक अन्य बताए गए एसबीआई खाते में ट्रांसफर करवा दिए। इस प्रकार कुल 1,38,900 रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया।

घटना के अगले दिन यानी 23 अक्टूबर को दोपहर करीब 1.30 बजे जब महिला को अहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है, तो उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत और प्राप्त तहरीर के आधार पर दोस्तपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

प्लेटफार्म पर अचानक बिगड़ी यात्री की तबीयत

सुल्तानपुर,संवाददाता। रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक कांस्टेबल की तत्परता और सूझबूझ के कारण एक रेल यात्री की जान बच गई। जीआरपी पुलिसकर्मी के इस मानवीय और सराहनीय कार्य की स्टेशन पर मौजूद लोगों और पीड़ित यात्री ने जमकर प्रशंसा की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस महानिदेशक रेलवे द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक रेलवे के आदेश एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे (प्रथम अनुभाग लखनऊ) के निर्देशन में जीआरपी थाना सुल्तानपुर द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में 29 अक्टूबर को 4.30 बजे भदोही जिले के रहने वाले 36 वर्षीय यात्री अली पुत्र नासिरुद्दीन, निवासी बालीपुर, पोस्ट बड़गांव, थाना जंगीगंज, जिला भदोही अपनी यात्रा के लिए सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर पहुंचे थे। प्लेटफॉर्म पर इंतजार के दौरान अचानक यात्री अली का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब हो गया और वे अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। उस समय प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात जीआरपी कांस्टेबल अशोक कुमार यादव ने जैसे ही यात्री को गिरते देखा, उन्होंने बिना समय गंवाए बेहद तत्परता दिखाई। उन्होंने वहां मौजूद एक अन्य यात्री की मदद से तत्काल एक ऑटो बुलाया और पीड़ित यात्री को तुरंत जिला अस्पताल सुल्तानपुर पहुंचाया, जहाँ समय पर उनका इलाज कराया गया।

त्योहारी सीजन में घटतौली और ओवररेटिंग रोकने के लिए माप विज्ञान विभाग का विशेष अभियान तेज

मिठाई, गिफ्ट पैक, एलपीजी, खाद्य तेल, आटा–मैदा, ज्वैलर्स एवं पेंट प्रतिष्ठानों पर विभागीय टीमों का निगरानी

संवाददाता

लखनऊ। अक्टूबर एवं नवंबर माह के त्योहारों के दृष्टिगत बाजार में उपभोक्ताओं के साथ तौल में गड़बड़ी (घटतौली) और डिब्बाबंद वस्तुओं पर एमआरपी से अधिक वसूली की रोकथाम के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सघन विशेष जांच अभियान पूरे प्रदेश में जोर–शोर से जारी है। गत 26 अक्टूबर 2026 से शुरू हुआ यह विशेष अभियान अपने प्रथम चरण में आगामी 31 अक्टूबर तक निरंतर संचालित रहेगा। इसके उपरांत 02 नवंबर से 05 नवंबर 2026 तक द्वितीय चरण में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाया जाएगा। नियंत्रक विधिक माप विज्ञान अमनदीप डुली के निर्देशानुसार त्योहारी भीड़भाड़ और अत्यधिक खरीदारी का अनुचित लाभ उठाने वाले दुकानदारों व प्रतिष्ठानों पर नकेल कसने के लिए विभाग पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेश के समस्त जनपदों में उपनियंत्रक, सहायक नियंत्रक, वरिष्ठ निरीक्षक एवं निरीक्षकों की टीमें अपने–अपने क्षेत्रों में नियमित जांच के साथ–साथ बाजारों में औचक निरीक्षण कर रही हैं। इस अभियान के अंतर्गत विभागीय टीमों द्वारा विशेष रूप से उन 6 सेक्टरों की सघन जांच की जा रही है, जहां त्योहारी मांग अधिक होने से गड़बड़ी की आशंका रहती है। इनमें सबसे पहले मिठाइयां तथा गिफ्ट पैक आते हैं, जिनके तहत मिठाई के साथ डिब्बे के वजन की तौल यानी घटतौली और गिफ्ट हैंपर्स पर अंकित घोषणाओं की पड़ताल की जा रही है। दूसरे नंबर पर एलपीजी है, जिसमें घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों में गैस की वास्तविक तौल की जांच की जा रही है। तीसरे स्थान पर वनस्पति तेल एवं घी शामिल हैं, जिसके पैकेज्ड खाद्य तेलों व घी के पैकेटों तथा टिनों पर शुद्ध मात्रा यानी नेट क्वांटिटी एवं अंकित मूल्य की जांच की जा रही है। चौथे सेक्टर के रूप में आटा, मैदा एवं सूजी के पैकेट रखे गए हैं, जिनके पैकेज्ड अनाज व आटे के बोरों एवं पैकेटों के वजन का सत्यापन किया जा रहा है। पांचवें स्थान पर ज्वैलर्स प्रतिष्ठान आते हैं, जहां सराफा बाजार में आभूषणों की तौल में प्रयुक्त होने वाले इलेक्ट्रॉनिक तराजू और कांटों के सत्यापन व सील की पड़ताल की जा रही है। छठे और अंतिम सेक्टर के रूप में पेंट सामग्री को शामिल किया गया है, जिसमें गृह सज्जा व पुताई में उपयोग होने वाले पेंट के डिब्बों पर घोषित मात्रा व मूल्य की जांच की जा रही है।

राजधानी में कल 1 से 12वीं तक के सभी स्कूल बंद

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की पीईटी परीक्षा–2026 के तहत जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। शहर में भीड़ और ट्रैफिक जाम की संभावना के चलते शुक्रवार)को कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। आदेश में बताया गया है कि पीईटी परीक्षा–2026 का आयोजन लखनऊ के 45 परीक्षा केंद्रों पर 25, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर 2026 को दो पालियों में किया जा रहा है।

1900 ग्रेड–पे की फाइल अटकाने का आरोप

कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री से की जांच की मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने वित्त विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज कर विभाग के कर्मचारियों को 1900 ग्रेड–पे का लाभ देने से संबंधित पत्रावली (संख्या 11770श्11) को अपर मुख्य सचिव वित्त की मंजूरी के बाद भी विशेष सचिव (वित्त) पुष्पराज द्वारा जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है। यादव ने मुख्यमंत्री से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर पत्रावली तलब करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इसके साथ ही महासंघ ने पुरानी पेंशन बहाली, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, आउटसोर्सिंग की समाप्ति और कोरोना काल के 18 महीने के बकाया वेतन के भुगतान की मांग भी दोहराई है। मांगे पूरी न होने पर संगठन ने लखनऊ में गांधी प्रतिमा पर शांतिपूर्ण आंदोलन और धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

डॉक्टरों ने ट्रॉमा केयर में गोल्डन आवर की अहमियत बताई

लखनऊ,संवाददाता। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने के बाद समय पर इलाज मिलने से जान बचाने और लंबे समय तक रहने वाली दिव्यांगता का खतरा कम करने में मदद मिल सकती है। इसी बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, लखनऊ ने विश्व ट्रॉमा दिवस के बाद एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। इसमें चोट लगने के बाद के शुरुआती महत्वपूर्ण समय यानी गोल्डन आवर की अहमियत बताई गई।

गोरखपुर सांसद रवि किशन व इंडियन बैंक के एमडी ने की उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य से भेंट, विकास योजनाओं पर हुआ मंथन

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके सरकारी आवास 7–कालिदास मार्ग पर गोरखपुर के सांसद एवं अभिनेता रवि किशन ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के राजनीतिक, संगठनात्मक एवं विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

इसी क्रम में इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद कुमार ने भी उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें बुद्ध प्रतिमा भेंट की। इस दौरान ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विचार–विमर्श हुआ। बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने, गरीबों को आवास देने, ग्रामीण सड़कों के विकास और स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाएं ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

सिक्सलेन पर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

20 मीटर तक घिसटते गए शहाबुद्दीन, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



लोक हस्तक्षेप संवाददाता

गोरखपुर। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के देवरिया बाईपास स्थित सिक्सलेन फ्लाईओवर पर बृहस्पतिवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार शहाबुद्दीन (48) की मौत हो गई। हादसे में वह सड़क पर गिरकर करीब 20 मीटर तक घिसटते चले गए। पुलिस उन्हें जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

इलाहीबाग निवासी शहाबुद्दीन पुत्र नसरुल्ला बृहस्पतिवार दोपहर अपनी पैशन प्रो बाइक से तारामंडल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिक्सलेन फ्लाईओवर पर पीछे से आ रही पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शहाबुद्दीन को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पेशे से मिस्त्री शहाबुद्दीन मेहनत–मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। वह घर के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और बच्चों के पालन–पोषण के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की गुहार लगाई है।

अर्नब तुफान का असर,राजधानी में बदला मौसम, झमाझम बारिश शुरू

लखानऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर दिखने लगा है। दोपहर 3 बजे से राजधानी में बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 29 डिग्री व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा। दिन में एक से दो बार बरसात की संभावना है। चक्रवाती तूफान अरनाब के कमजोर पड़ने के बाद बना गहरा अवदाब अब भी सक्रिय है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 6 घंटों में यह सिस्टम लगभग 18 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर दिशा की ओर बढ़ा है। इस सिस्टम के लगातार उत्तर दिशा में आगे बढ़ने और आज शाम तक उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे सटे उत्तर–पश्चिम ओडिशा के ऊपर वेल मार्क्ड लो प्रेशर एरिया में तब्दील होकर और कमजोर होने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि इस चक्रवाती प्रणाली और पश्चिमी विक्षोभ के आपस में मिलने के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के मौसम मेंबड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी यूपी के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर गरज–चमक और बिजली कड़कने के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिनकी रफ्तार (झोंके) 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

बिजली कनेक्शन के नाम पर रिश्वत मांगने पर सस्पेंड होगा अधिकारी

ट्ठइ=द्ध क्षय घ्ष्ठक्वद्धइ द्वष्;ह्व4। 1द्धह्यद्ग.श्र] द्दश्न7ह्ह स्रह्लक्ष्8%्यह 1स्द्ग द्धश्च4 घ्ह/य्ड्ढ्रद्ग घ्ह्य ह्हस्न्द्ध घ्द्गरुग्;ह्य

लखनऊ,संवाददाता। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज अपने आवास पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल में सुधार और नए विद्युत सबस्टेशन की स्थापना सहित नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याएं सामने आईं। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए।जनसुनवाई के दौरान लखनऊ निवासी विद्युत उपभोक्ता अभिनव त्रिपाठी ने अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन से संबंधित शिकायत रखते हुए आरोप लगाया कि फरवरी में 3 किलोवाट के घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। विभाग द्वारा 1 मार्च को जारी 11,622 रुपये का स्टीमेट उन्होंने जमा भी कर दिया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कनेक्शन नहीं दिया गया। उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि बाद में संबंधित सहायक अभियंता शुभम सिंह द्वारा कनेक्शन देने के एवज में 50,000 रुपये की रिश्वत मांगी गई।

रिश्वत नहीं देने पर 12 अक्टूबर को लगभग 2.24 लाख रुपये का नया स्टीमेट जारी कर दिया गया। ऊर्जा मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाए और यदि अधिकारी दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल सस्पेंड की कार्रवाई की जाए। आम उपभोक्ताओं को परेशान करना, अनावश्यक आर्थिक बोझ डालना और सरकारी सेवाओं के बदले रिश्वत मांगने जैसी शिकायतों को किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विद्युत कनेक्शन से संबंधित मामलों में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। उपभोक्ताओं को बिना उचित कारण परेशान करना या उनके कार्यों को जानबूझकर लंबित रखना गंभीर लापरवाही है। प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच करते हुए जिम्मेदारी तय की जाए ताकि जनता को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन का लाभ मिल सके।

दीपावली और छठ पर 24 घंटे होनी चाहिए बिजली आपूर्ति : शर्मा

लखनऊ,संवाददाता। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दीपावली, छठ एवं अन्य त्योहारों के दृष्टिगत कल देर रात शक्ति भवन में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों पर प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए। दीपावली प्रकाश का पर्व है, इसलिए अनावश्यक शटडाउन और बार–बार बिजली कटौती किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। त्योहारों के दौरान बकाया वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने और उन्हें परेशान करने से बचा जाए।विजिलेंस टीमों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि संगठित रूप से बड़े पैमाने पर बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई करने के बजाय गरीबों, छोटे उपभोक्ताओं और दुकानदारों को परेशान करना ठीक नहीं है। वह बिजली चोरी की जांच के विरोधी नहीं हैं, लेकिन कार्रवाई निष्पक्ष होनी चाहिए। बड़े और संगठित बिजली चोरों सख्त कार्रवाई की जाए तथा छोटे उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए।झटपट पोर्टल पर विद्युत कनेक्शन के आवेदनों की अत्यधिक पेंडेंसी और निरस्तीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना और बिना उचित कारण रिजेक्ट करना स्वीकार्य नहीं है।

ट्रांसफार्मरों के उच्चीकरण में देरी पर कहा कि बकायेदारों के कारण नियमित बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग और बिजली कटौती की समस्या नहीं झेलनी चाहिए। जहां आवश्यकता हो, वहां ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाए बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। नवसृजित नगर पंचायतों में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि आधारभूत ढांचे के विकास के लिए नगर विकास विभाग द्वारा 1,000 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाने के बावजूद अनेक नगर पंचायतों में अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज पर बिजली आपूर्ति होना उचित नहीं है।

नगर विकास विभाग जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बजट देने को तैयार है, इसलिए विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए तेजी से कार्य किया जाए।ऊर्जा मंत्री ने नवंबर माह के बिजली बिलों में उपभोक्ताओं को 9.70 प्रतिशत की राहत मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि घरेलू, व्यावसायिक एवं अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। राहत लगातार पांचवें महीने दी जा रही है। बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा रणवीर प्रसाद, यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार, एमडी मयूर माहेश्वरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाइक सवार लड़कों ने दिन दहाड़े ठेकेदार की कार रुकवाकर चेन लूटी

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में पत्नी के साथ गांव जा रहे ठेकेदार पर बदमाशों ने हमला कर दिया। उनकी कार टक्कर मारकर रुकवाई फिर मारपीट कर चेन लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। खरगापुर कौशलपुरी निवासी शैलेंद्र यादव ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर मेंबताया कि गुरुवार दोपहर करीब 1.30 बजे अपनी पत्नी व भतीजे के साथ सीतापुर अपने गांव जा रहे थे। वह अपनी कार से पॉलिटेक्निक के पहले सुषमा हॉस्पिटल के पास पहुंचे थे। तभी हवा भरवाने के लिए कार का इंडिकेटर देकर किनारे लगाने लगे।

घटतौली और ओवररेटिंग रोकने के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग का विशेष जांच अभियान

लखनऊ,संवाददाता। अक्टूबर एवं नवंबर माह के प्रमुख त्योहारों दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज एवं छठ के दृष्टिगत बाजार में उपभोक्ताओं के साथ तौल में गड़बड़ी घटतौली और डिब्बाबंद वस्तुओं पर एमआरपी से अधिक वसूली की रोकथाम के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सघन विशेष जांच अभियान पूरे प्रदेश में जोर–शोर से जारी है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में विधानसभा चुनाव का रोडमैप तैयार होगा

लखनऊ,संवाददाता। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कल सरकार और संगठन की एकजुटता का संदेश दिया जाएगा। आमतौर पर संगठन सरकार से बड़ा होता है कहने वाले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश कार्यसमिति में योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रशंसा करेंगे वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक केशव के बातों का अनुमोदन करेंगे। बृहस्पतिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के एजेंडे को अंतिम रूप दिया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश पदाधिकारी बैठक में महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेश कार्यसमिति बैठक के कार्यक्रम की जानकारी दी। धर्मपाल सिंह ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह सुबह 10 बजे एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। वहां सीएम योगी आदित्यनाथ, पंकज चौधरी, केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित सरकार के मंत्री और पार्टी पदाधिकारी उनका स्वागत करेंगे। सुबह 10.30 बजे से बीबीएयू के सभागार में कार्यसमिति बैठक शुरू होगी। उद्घाटन सत्र को गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे।

उद्घाटन सत्र के बाद राजनीतिक सत्र होगा, इसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य राजनीतिक प्रस्ताव पेश करेंगे। राजनीतिक प्रस्ताव में केंद्र की मोदी सरकार के 12 साल और प्रदेश की योगी सरकार के साढ़े नौ साल की उपलब्धियां, 2017 से पहले और उसके बाद यूपी में आए बदलाव सहित अन्य उपलब्धियां शामि होंगी। उसके बाद आगामी कार्ययोजना पर सत्र होगा। प्रदेश महामंत्री अभिजात मिश्रा विधानसभा चुनाव से पहले तक पार्टी के कार्यक्रमों और अभियानों के बारे में जानकारी देंगे। पार्टी किस तरह आगामी दो महीने तक किसी न किसी कार्यक्रम के जरिए जनता के बीच जाकर अपनी संपर्क और संवाद स्थापित करेगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यसमिति की व्यवस्थाओं में लगाए गए पदाधिकारियों से अब तक की तैयारी की समीक्षा की। धर्मपाल सिंह ने बताया कि समापन सत्र को सीएम योगी संबोधित करेंगे। सीएम आगामी चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं से दिनरात चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान करेंगे। धर्मपाल सिंह ने बताया कि भाजपा के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों, क्षेत्रीय अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक 30 अक्टूबर को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में होगी। गृहमंत्री अमित शाह दोपहर 2 बजे वापस दिल्ली के लिए लौट जाएंगे। इस बीच वे लंच के दौरान सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से आगामी चुनावों की तैयारी पर चर्चा करेंगे।

केंद्र के फैसले विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण को देंगे नई गति : केशव

लखनऊ,संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। इन निर्णयों से खेल सामग्री के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, विनिर्माण क्षेत्र मजबूत होगा, ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा तथा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई से राहत मिलेगी। ये फैसले विकसित भारत के संकल्प को साकार करने और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

31 अक्टूबर से दौड़ेगी वाराणसी–दिल्ली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस, रेल मंत्री और सीएम योगी दिखाएंगे हरी झंडी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

वाराणसी। काशी और दिल्ली के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। आगामी 31 अक्टूबर को वाराणसी से नई दिल्ली के बीच देश की दूसरी हाई–टेक वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की शुरुआत होने जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अत्याधुनिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन वाराणसी से दिल्ली की दूरी को महज 9:30 घंटे में पूरा करेगी।

शाम 4:30 बजे रवाना होगी उद्घाटन स्पेशल

31 अक्टूबर को उद्घाटन के दिन यह स्पेशल ट्रेन शाम 4:30 बजे वाराणसी जंक्शन से रवाना होकर देर रात 1रू30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसी दिन वाराणसी से प्रयागराज रामबाग और वाराणसी सिटी से राजा तालाब के बीच दो नई मेमू (MEMU) ट्रेनों की सौगात भी मिलेगी।

नियमित परिचालन का समय

यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन दोनों दिशाओं में नियमित रूप से संचालित होगी।

' वाराणसी से नई दिल्ली (गाड़ी सं. 27421) : वाराणसी से रात 8:50 बजे चलकर प्रयागराज और कानपुर होते हुए अगले दिन सुबह 5:55 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

' नई दिल्ली से वाराणसी (गाड़ी सं. 27422): नई दिल्ली से रात 9:40 बजे रवाना होकर अगली सुबह 6:45 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

16 डिब्बे और लग्जरी सुविधाएं

पूरी तरह वातानुकूलित इस सेमी–हाई स्पीड ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे (1 फर्स्ट एसी, 4 सेकेंड एसी और 11 थर्ड एसी), जिसमें 823 यात्रियों के बैठनेध् सोने की क्षमता है। ट्रेन में एंटी–क्रैश सेफ्टी फीचर्स, बेहतर कुशनिंग और हवाई जहाज जैसी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जिससे काशी आने वाले श्रद्धालुओं और व्यापारियों का सफर बेहद आरामदायक हो जाएगा।

परिषदीय विद्यालयों में 17 से 21 नवंबर तक होंगी अर्द्धवार्षिक परीक्षायें

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के आकलन पर जोर दे रही है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026–27 के अंतर्गत परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षाएं 17 नवंबर से 21 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी। परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को परीक्षाएं पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के लिए मॉडल प्रश्नपत्र जनपद स्तर पर तैयार कराए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को प्रश्नपत्रों का समय से मुद्रण एवं वितरण तथा उनकी गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।कक्षा एक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो एवं तीन में लिखित और मौखिक, जबकि कक्षा चार एवं पांच में लिखित तथा मौखिक परीक्षाएं निर्धारित व्यवस्था के अनुसार होंगी।

कक्षा छह से आठ तक की परीक्षाएं लिखित होंगी। इनमें हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत,उर्दू, सामाजिक विषय, कला–संगीत, विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन सहित विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं। परीक्षाओं के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन, उनके सुरक्षित रखरखाव और परीक्षा परिणाम समय से घोषित करने की व्यवस्था की जाएगी। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026–27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 17 से 21 नवंबर तक निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संपन्न कराई जाएंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को प्रश्नपत्रों का समय से मुद्रण एवं वितरण तथा उनकी गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

संपादकीय

पर्यावरण अनुकूल पर्यटन

इसमें दो राय नहीं कि देश के पहाड़ी राज्यों के लिये पर्यटन उद्योग अब अर्थव्यवस्था को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। कह सकते हैं तमाम पारिस्थितिकीय चुनौतियों के चलते एक मजबूरी भी बन गया है। लेकिन इसमें दो राय नहीं है कि राजस्व सृजन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिये, राज्य सरकारें एक कठिन राह पर चलना सीख रही हैं। दरअसल, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और संरक्षित क्षेत्रों में यह चुनौती ज्यादा बड़ी है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के संवेदनशील स्पीति के इलाके में प्रदेश के वन विभाग ने आने वाले पर्यटकों के लिए दैनिक आधार पर उपयोगकर्ता शुल्क आरंभ करने का निर्णय किया है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार की इस अभिनव पहल का स्वागत ही किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस फैसले के बाद अब बिना किसी प्रवेश शुल्क के इन इलाकों में पहुंचना अतीत की बात हो जाएगी। इतना ही नहीं शूटिंग के लिये, मसलन वृत्तचित्र, फीचर फिल्मों व विज्ञापन आदि के साथ ही टेंट लगाने जैसी गतिविधियों के लिये भी शुल्क संरचना तैयार की गई है। यह एक हकीकत है कि पर्यटकों का अराजक व्यवहार वातावरण में न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाता है बल्कि ठोस कचरा भी छोड़कर जाता है। जिसकी क्षति व सफाई का दबाव राज्य पर पड़ता है। निस्संदेह, सरकार की नई पहल का उद्देश्य आदिवासी जिले लाहौल और स्पीति में पर्यटन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। इसके अलावा हिमाचल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आगंतुकों के लिये सुविधाओं का विस्तार करना भी है। दरअसल, राज्य सरकार सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और प्रोटोकॉल में संशोधन करके यात्रियों की पहुंच को आसान बना रही है। ऐसी ही एक पहल मंगलवार को किन्नौर जिले के शिपकी–ला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने शुरू की। दरअसल, इन क्षेत्रों के सामरिक महत्व को देखते हुए राज्य के अधिकारी सेना और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिये, खासकर दूरदराज के गांवों के लिये अच्छा संकेत है। जब ग्रामीणों का जन–जीवन बाहर से आने वाले पर्यटकों की गतिविधियों से प्रभावित होता है तो उन्हें पर्यटन से होने वाले लाभ भी मिलने चाहिए। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। पहलगाम आतंकी हमले ने हमें कई सबक दिए हैं। सबक याद दिलाए हैं कि यदि पर्यटकों की सुरक्षा दांव पर हो तो लापरवाही व चूक के लिये कोई जगह नहीं हो सकती। कश्मीर का हालिया अनुभव बताता है कि जब पर्यटक असुरक्षित महसूस करते हैं तो पर्यटन उद्योग को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही वजह है कि जम्मू–कश्मीर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है। ऐसे में पर्यटक जम्मू–कश्मीर के विकल्प के रूप में हिमाचल की ओर रुख कर सकते हैं। जिससे हिमाचल के पर्यटन उद्योग को नई प्राण वायु मिल सकती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिये हर संभव प्रयास करना होगा कि नियमित पर्यटन से हिमाचल को न केवल वर्तमान में बल्कि दीर्घकालिक लाभ भी प्राप्त हों। वहीं राज्य सरकार को ध्यान रखना होगा कि बढ़ती पर्यटन गतिविधियों से क्षेत्र की जन–जातियों की संस्कृति और जीवनचर्या में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिये यह भी जरूरी है कि पर्यटन से होने वाली आय से इन क्षेत्रों के विकास को भी गति मिले। जिससे स्थानीय लोग पर्यटन गतिविधियों में उत्साह से भाग लें। ऐसा न हो कि अराजक पर्यटन संस्कृति स्थानीय लोगों की अस्मिता को ठेस पहुंचाए। रीति–नीतियां ऐसी बनें कि राज्य की आर्थिकी को गति मिलने का लाभ स्थानीय लोगों के हिस्से में भी आए ताकि वे पर्यटकों का खुशी–खुशी स्वागत करें। सरकार को भी पर्यटकों की सुविधाओं, सुरक्षा और आवागमन का विशेष ख्याल रखना होगा। इससे राज्य के पर्यटन उद्योग को दीर्घकालीन लाभ मिल सकेगा। उत्तराखंड व अन्य पर्वतीय राज्यों को भी हिमाचल की पहल का अनुकरण करना चाहिए।

बदलती विश्व व्यवस्था के बीच बढ़ते परमाणु खतरे

डॉ. अरुण मित्रा

पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष एक व्यापक युद्ध की संभावना को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार–बार ईरान को धमकियां दी हैं, और कई बार तो उसे पूरी तरह नष्ट करने की बात भी कही है। यह देखना बाकी है कि क्या ये बयान केवल दबाव बनाने के लिए हैं या फिर किसी बड़ी सैन्य कार्रवाई की शुरुआत हैं। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्को रुबियो का बयान, जिसमें उन्होंने सीधे तौर पर ईरान को धमकी दी, अमेरिकी प्रशासन के अहंकार को दर्शाता है। ऐसी स्थिति में दुनिया लापरवाह नहीं रह सकती। विभिन्न स्रोतों से मिल रही जानकारी के अनुसार, ईरान को अमेरिका और इजरायल की ओर से एक नए हमले की आशंका है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इजरायल परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करता है, तो ईरान इजरायल के परमाणु प्रतिष्ठानों को पूरी तरह नष्ट कर देगा, जो डिमोना शहर के दक्षिण–पूर्व में नेगेव रेगिस्तान में स्थित हैं। ब्राजीलियाई पत्रकार एमिलियो पेपे एस्कोबार ने ट्रांजिशन प्रोटोकॉल नामक डिजिटल चौनल पर जुल्फिकार अली के साथ एक साक्षात्कार में बताया कि ईरान ने लगभग 400 ठिकानों को चिह्नित कर लिया है, जिनमें खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों से लेकर हिंद महासागर तक के ठिकाने शामिल हैं। इस बीच, हेब्रोन के पास गोलीबारी की घटना के बाद इजरायल द्वारा वेस्ट बैंक में लॉकडाउन लगाने की खबरें और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ की हालिया इजरायल यात्रा भी गौर करने लायक हैं। ईरान के प्रतिरोध ने अमेरिकी सैन्य शक्ति की सीमाओं को उजागर कर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में रुकावट ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है और आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है। डीजल सहित ईंधन की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों ने वाशिंगटन की नीतियों के आर्थिक परिणामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा जाता है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वाशिंगटन को यह विश्वास दिलाया था कि ईरान कुछ ही दिनों में आत्मसमर्पण कर देगा। इसी वजह से अमेरिका, ईरान के खिलाफ इजरायल की आक्रामकता में शामिल हो गया। इससे संघर्ष और तेज हो गया। अपनी सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद, अमेरिका को वह निर्णायक परिणाम नहीं मिला, जिसकी उसे और इजरायल को उम्मीद थी। खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों से भारी नुकसान हुआ है। ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ बनी राजनयिक समझ को खत्म कर देने से शांति की संभावनाएं और कमजोर हो गई हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब पर किए गए हमलों ने बाबअल–मंदेब जलडमरूमध्य और लाल सागर से होने वाले समुद्री व्यापार को बाधित किया है, जिसका सऊदी अरब पर गंभीर असर पड़ा है। ब्रिक्स के उदय और चीन की बेल्ट एंड रोड पहल – जिसमें विभिन्न महाद्वीपों के लगभग 150 देश शामिल हैं– से विश्व व्यवस्था में बदलाव के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका और पूर्व औपनिवेशिक शक्तियां इस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पा रही हैं। अमेरिका, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों को दरकिनार करते हुए, अपनी मनमर्जी से विभिन्न देशों पर प्रतिबंध और शुल्क थोपकर दुनिया पर अपनी शर्तें थोपने की कोशिश कर रहा है। मौजूदा भारतीय सरकार, अमेरिका के साथ बहुत करीबी संबंध रखना चाहती है, भले ही अमेरिका अपनी शर्तें थोपता हो। डोनाल्ड ट्रम्प ने कई बार भारत को यह कहकर अपमानित किया है कि अमेरिका के हस्तक्षेप के बाद ही भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुका था। वे उस श्विशेष मित्रताश्व की कोई परवाह नहीं करते, जिसका अक्सर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिक्र करते हैं। इसी व्यापक भू–राजनीतिक संदर्भ में, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा महत्वपूर्ण हो जाती है। उनकी यात्रा की शुरुआत नई दिल्ली में औपचारिक बातचीत से होने के बजाय, मुंबई और जामनगर से हुई। इससे इस यात्रा के उद्देश्य और इसके आयोजन के तरीके पर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, रुबियो की मेजबानी उद्योगपति मुकेश अंबानी ने की। साथ ही, इस यात्रा के बारे में जानकारी भारतीय सरकार की ओर से कोई सार्वजनिक घोषणा होने के बजाय, अमेरिकी पक्ष से सामने आई।

इतने वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी की यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी से बाहर क्यों किया गया? क्या भारतीय सरकार की प्राथमिकताओं और राजनयिक प्रोटोकॉल का उचित सम्मान किया गया? ऐसे समय में जब भारत को बड़े विदेशी निवेश की जरूरत है, पेट्रोलियम रिफाइनिंग में निवेश और टेक्सास में एक संभावित प्लांट लगाने को लेकर हुई चर्चाओं की खबरों ने अटकलों को और बढ़ा दिया है। इन दावों की– कि अंबानी टेक्सास और वेनेजुएला में 300 अरब डॉलर का निवेश कर सकते हैं– स्वतंत्र पुष्टि और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। उतनी ही चिंताजनक यह खबर भी है कि अमेरिकी राजदूत सर्जियोगोर ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से रुबियो से मिलने के लिए मुंबई जाने को कहा। यदि यह सच है, तो ये हालात राजनयिक प्रोटोकॉल और आपसी सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। भारत–पाकिस्तान संघर्ष, व्यापार शुल्क और रूस से भारत द्वारा तेल खरीदने के मुद्दों पर राष्ट्रपति ट्रम्प के सार्वजनिक बयानों के बावजूद, मोदी सरकार वाशिंगटन के साथ अपने करीबी संबंध बनाए हुए है। भारत को अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकताओं को क्यों मानना चाहिए, जबकि अमेरिका हमेशा अपने हितों को ही सबसे ऊपर रखता है? अमेरिका के इस वर्चस्ववादी रवैये ने पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल दिया है और हर तरफ सैन्य तनाव बढ़ा दिया है। परमाणु टकराव का खतरा इस मौजूदा स्थिति को विशेष रूप से चिंताजनक बनाता है। ईरान ने बार–बार परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश से इन्कार किया है, जबकि अमेरिका और इजरायल उसके परमाणु कार्यक्रम को सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताते रहे हैं। ऐसे दावों की जांच विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय सत्यापन और स्थापित अंतरराष्ट्रीय कानूनों के जरिए होनी चाहिए, न कि इनका इस्तेमाल एकतरफा सैन्य कार्रवाई के बहाने के रूप में किया जाना चाहिए।

इराक युद्ध एक गंभीर सबक देता है। 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में हुए हमले को सही ठहराने के लिए जनसंहार के हथियारों का हवाला दिया गया था, लेकिन जिन हथियारों के जखीरे का मुख्य आधार के रूप में जिक्र किया गया था, वे कभी मिले ही नहीं। इराक और पूरे क्षेत्र पर पड़े विनाशकारी परिणाम यह दिखाते हैं कि विवादित दावों के आधार पर युद्ध छेड़ने के कितने खतरे हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र को स्थिति को और बिगड़ने से रोकने और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अपने राजनयिक प्रयासों को तुरंत तेज करना चाहिए। उसे परमाणु हथियार संपन्न सभी देशों पर दबाव डालना चाहिए कि वे यह पक्का वादा करें कि वे चल रहे संघर्षों में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। परमाणु हथियारों का सीमित इस्तेमाल भी भारी जान–माल का नुकसान, पर्यावरण की तबाही, खाद्य असुरक्षा और स्वास्थ्य पर ऐसे दीर्घकालिक दुष्प्रभाव पैदा कर सकता है, जो इसमें शामिल देशों की सीमाओं से कहीं दूर तक फैल सकते हैं। एक बड़े पैमाने पर होने वाला परमाणु युद्ध तो पूरी मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए ही खतरा बन सकता है।

जो तेरा हाल है,वो मेरा हाल है

सर्वमित्रा सुरजन

पिछले दो–तीन दिनों में कुछ ऐसी वैश्विक घटनाएं हुई हैं, जिन्हें विस्तार से पढ़ें तो लगेगा कि केवल स्थान और नाम ही अलग हैं, बाकी घटनाओं के कारण, हालात और जनप्रतिक्रियाएं काफी कुछ जानी–पहचानी लगेंगी, यानी इन्हें पढ़–सुन कर लगेगा कि अपने देश में जो कुछ चल रहा है वही दुनिया के दूसरे हिस्से में भी हो रहा है। पाठक जानते हैं कि सर्बिया में हुए हालिया संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक की सत्ताधारी पार्टी की हार हुई है। आर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि सत्ता पर बने रहने के लिए वुसिक की सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी ने सत्ता के 14 बरसों में देश के मीडिया से लेकर तमाम सरकारी संस्थानों पर कब्जा कर लिया था। सर्बिया की चुनावों पर निगरानी रखने वाली महत्वपूर्ण संस्था द सेंटर फॉर रिसर्च, ट्रांसपरेंसी एंड एकाउंटिबिलीटी के मुताबिक 2023 और 2024 के चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं थे। संस्था के मुताबिक चुनाव में लेवल प्ले फील्ड खत्म करना, मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ना, सरकारी संसाधन अपने करीबियों में बांटना और पार्टी के लोगों की सरकारी संस्थाओं में घुसपैठ जैसे तमाम हथकंडे अपनाए गए। लेकिन इसके बावजूद इस बार वुसिक को हार स्वीकार करनी पड़ी क्योंकि दो साल पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरु हुए छात्रों के आंदोलन में जनता का बड़ा वर्ग भी शामिल हो गया और इस जनादेश और जनभावना को उपेक्षित करने का खतरा वुसिक ने मोल नहीं लिया। भारत में कुछ समय पहले जेन जी आंदोलन के कारण बड़ी हलचल मची।

इस समय विपक्ष के खड़े किए आंदोलन में जिस तरह जनता का बड़ा जुड़ाव हो रहा है, उसे जेन जी आंदोलन का ही प्रभाव माना जा रहा है। मुद्दे यहां भी अलग नहीं हैं। सरकारी तंत्र में पसरा भ्रष्टाचार, निजी हाथों की बढ़ती ताकत, चुनावों में धांधली, सत्तारुढ़ दल के लिए हो रहे एकतरफा फैसले यही सब सर्बिया में हुआ, यही भारत में हो रहा है। प्रसंगवश यह भी बता दूं कि कुछ महीने पहले इन्हीं वुसिक महोदय ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शान में कसीदे गढ़े थे। उन्होंने कहा था कि मोदी ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और उसे वैश्विक महाशक्ति बनाया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कमजोर करने और गिराने की कोशिशें की जा रही हैं। मोदी की सत्ता बची रहेगी या नहीं ये फिक्र वुसिक कर रहे थे और इधर उनके देश के युवाओं ने उन्हें सत्ता से हटने पर मजबूर कर दिया। वह भी बाकायदा संवैधानिक तरीके से। बहरहाल वुसिक के हार मानते ही वहां का मीडिया भी पलटने लगा। बहुत से टीवी चौनलों के दफ्तर पर जनता अपनी नाराजगी प्रकट करने पहुंची, ऐसी खबर है। वहीं एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सरकारी प्रसारक रेडियो टेलीविजन ऑफ वोज्वोदिना ने अपने दर्शकों से लाइव प्रसारण पर बाकायजा माफी मांगी है। चौनल के एंकर गोरान एरॉर ने प्रसारण की शुरुआत में स्वीकार किया कि चौनल ने वर्षों तक एकतरफा, सत्ता–समर्थक और बिना आलोचना वाली खबरें दिखाईं तथा जरूरी सवाल नहीं पूछे। एंकर ने कहा, वर्षों तक, हम अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहे। हम चुप रहे, आंखें मूंद लीं, एकतरफा खबरें दिखाईं और जरूरी सवाल पूछने में असफल रहे। इसके लिए हम अपने दर्शकों से माफी मांगते हैं। इस माफीनामे और राजनीतिक बदलाव के तुरंत बाद, आरटीवी के फर्स्ट प्रोग्राम के कार्यवाहक प्रधान संपादक नेनाद चाचिक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके स्थान पर ब्लाजो पोपोविच को नियुक्त किया गया है।

सर्बिया से पेश आए इस उदाहरण को पुराने जमाने में इस्तेमाल किए जाने वाले टेलीग्राम संदेशों की तरह समझा जा सकता है कि थोड़ा लिखा है, ज्यादा समझना। यूं तो पिछले कुछ दिनों में इटली, फ्रांस जैसे कुछ और देशों में भी छात्रों ने सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन किए, जो हिंसक भी हुए। इन्हीं पर अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान देश के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रवासी भारतीयों की तारीफ करते हुए यूरोपीय देशों के लिए तंज भरे लहजे में कहा कि मेजबान देशों में भारतीयों का स्वागत किया जाता है क्योंकि वे तोड़–फोड़ या सार्वजनिक जीवन में रुकावट नहीं डालते हैं। पीयूष गोयल की बात बिल्कुल वाजिब है। यूरोप तो फिर भी दूर है, लेकिन भारत के पड़ोसी नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में ऐसे ही छात्रों और जनता के आंदोलन के बाद तख्तापलट की घटनाएं हुईं, फिर भी भारत के नौजवान गांधी के बताए अहिंसक आंदोलन के रास्ते पर ही चल रहे हैं। संवैधानिक तरीके से ही अपनी मांगें सामने रख रहे हैं और संवैधानिक तरीके से ही अपनी समस्याओं का समाधान भी चाहते हैं। ये और बात है कि उन्हें इस तरीके पर चलने की बड़ी कीमत भी अदा करनी पड़ रही है। कभी व्यक्तिगत हमले आंदोलनकारी लड़कियों पर हो रहे हैं, कभी कानून का डर दिखाया जा रहा है, कभी इंस्टाग्राम, एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध झेलने पड़ रहे हैं। अभी पिछले हफ्ते नेहा सिंह राठौड़ पर एबीपी चौनल के डिजीटल प्लेटफार्म पर फर्जी खबर चली, जो बाद में खेदप्रकट के बाद हटाई गई। इसी तरह आइसा की अध्यक्ष नेहा बोरा के चरित्र हनन की कोशिशें हुईं। और ऐसा करने वालों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। अभी इफको युवा साहित्य सम्मान बिहार के सर्वेश तिवारी श्रीमुख को दिया गया। उनकी 15 सितंबर की फेसबुक पोस्ट नेहा बोरा के विरोध में है। तब नेहा ने गोरखपुर में ही योगी आदित्यनाथ की काफी आलोचना की थी। उस पर सर्वेश तिवारी ने नेहा को एक दो कौड़ी की वामपंथी नचनिया बताते हुए लिखा कि इस गदहिया को कोई बताए कि गोरखपुर हजार साल पूर्व भी बाबा गोरखनाथ के लिए जाना जाता था। आगे यह भी लिखा कि एक पंक्ति बोलने भर में छह बार मुंह और आठ बार कूल्हा मटका कर राखी सावंत टाइप गाली गलौज करने से बिग बॉस या महेश भट्ट की फिल्म में इमरान हाशमी के अपोजिट रोल तो मिल सकता है, राजनीति में जगह नहीं बन सकती। वैसे तो सर्वेश तिवारी को उनके उपन्यास पुण्यपथ के लिए साहित्य सम्मान मिला है, लेकिन ऊपर लिखी भाषा कम से कम किसी साहित्यकार की तो नहीं लगती है। बल्कि किसी सभ्य नागरिक की भी नहीं लगती है। क्योंकि नेहा बोरा से असहमति या नापसंदगी अपनी जगह है, लेकिन उसे दर्शाने का तरीका किसी लिहाज से सभ्य नहीं है। लेकिन यही तो नए भारत का कड़वा सच है। जहां भाषा के साथ–साथ विचारों और मूल्यों में भी बड़ी गिरावट आ चुकी है। खैर, वापस वैश्विक घटनाक्रम की तरफ मुड़ते हैं। ब्राजील में वामपंथी नेता लूला डि सिल्वा की दोबारा जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें अपना मित्र बताते हुए बधाई दी। हालांकि मोदी जिन्हें अपना मित्र बता रहे हैं, ट्रंप उनके शत्रु हैं। अगर लूला की जगह फ्लावियो बोल्सोनारो जीतते तो मोदी उनसे अपना पुराना नाता निकाल लेते। उन्हें अपना मित्र बताते, अपने मित्र का बेटा और अपने मित्र का मित्र भी बताते।

चांदनी करे चांद के दर्शन

सुहाग की छलनी छलनी जेब से

असली करवाचौथ वह है, जिसमें रिश्ते में प्यार हो, व्यवहार में सम्मान हो और घर में इतना सुकून हो कि किसी को अपनी खुशी साबित करने के लिए दुनिया के सामने विज्ञापन न करना पड़े। करवाचौथ का चांद तो आज भी वही है, लेकिन उसके इंतजार की तैयारी इतनी महंगी हो गई है कि लगता है, चांद को देखने से पहले बैंक बैलेंस देखना जरूरी हो गया है। करवाचौथ के व्रत पर एक पति की टिप्पणी हैकृ अरै, भूखी–प्यासी रहण का नाम व्रत सै या पूरा दिन मेकअप की दुकान बन कै बैठण का? पहले चांद की बाट देख्या करैं थे, अब चांद भी सोचता होगा कि मैं निकलूं या पहले इनकी रील पूरी होण दूं?

चांद बेचारा ऊपर से इन व्रतधारी औरतों को देखकर सोच में पड़ गया है कि निकलना तो चमक कर उसे था, पर ये छोरियां मुझसे ज्यादा चमकने की तैयारी क्यूं कर री हैं? असल में करवाचौथ प्रेम और आस्था का पर्व था। अब यह बाजार, ब्रांड और बजट का त्योहार बनता जा रहा है। पहले तो बहू–बेटियां चांद देखकर व्रत खोल लिया करती थीं, अब चांद देखने से पहले पार्लर, डिजाइनर कपड़े, मेकअप, फोटोशूट अरै इंस्टाग्राम की हाजिरी जरूरी हो ली है। बाजार वालों ने भी परंपराओं की नब्ज पकड़ ली है। इसीलिए करवाचौथ पर बाजार वालों की चांदी है। करवाचौथ स्पेशल साड़ी, करवाचौथ स्पेशल ज्वेलरी, करवाचौथ स्पेशल थाली, करवाचौथ स्पेशल गिफ्ट और करवाचौथ स्पेशल मेकअप और मेहंदी। त्योहारों की इस महंगाई ने मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर भी तोड़नी शुरू कर दी है। जिसके पास पैसा है, वह खर्च करे, इसमें बुराई नहीं। लेकिन जिसके पास सीमित आमदनी है, वह भी दूसरों की देखा–देखी अपनी जेब ढीली करता है। हमने त्योहारों को अपनी आर्थिक हैसियत दिखाने का मंच बना दिया है। व्रत–पूजा में भक्ति कम और सजावट ज्यादा, रिश्तों में अपनापन कम और प्रदर्शन ज्यादा हो गया है। सोशल मीडिया के युग में करवाचौथ का व्रत रखने के साथ–साथ यह भी जरूरी हो गया है कि दुनिया को पता चले कि व्रत रखा गया है। अब व्रत पति की लंबी उम्र के लिए है या इंस्टाग्राम पर लंबी रील के लिए, यह शोध का विषय है!

असली करवाचौथ वह नहीं, जिसमें छलनी सोने की हो, साड़ी हजारों की हो और फोटो पर लाखों लाइक आएं। असली करवाचौथ वह है, जिसमें रिश्ते में प्यार हो, व्यवहार में सम्मान हो और घर में इतना सुकून हो कि किसी को अपनी खुशी साबित करने के लिए दुनिया के सामने विज्ञापन न करना पड़े।

टाटा पर राहुल का बड़ा बयान

देश के सबसे पुराने और अग्रणी औद्योगिक घरानों में एक टाटा समूह में चेयरमैन की दोबारा नियुक्ति को लेकर विवाद चल रहा है। जो अब राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, लेकिन किसी भी कारोबारी नेता में इस मुद्दे पर बोलने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा है, श्आप कब तक चुप रहेंगे? क्या तब तक जब तक वे आप पर पूरी तरह कब्जा न कर लें? भारतीय उद्योग मोदी और शाह का खिलौना नहीं है। आप में हिम्मत नहीं है। हममें है। हम इन अपराधों के लिए न्याय दिलाएंगे। राहुल गांधी के इस पोस्ट के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी पोस्ट आया है। उन्होंने लिखा है कि राहुल गांधी मेरी सलाह है कि विपक्ष के नेता के तौर पर आप हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने से बचें। साथ ही, व्यावसायिक और कानूनी मामलों को बिना सोचे–समझे श्आपराधिकश करार देना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। आपने बार–बार भारतीय उद्योग जगत और हमारे उद्यमियों की सफलताओं की आलोचना की है। क्या अब आप हमारे व्यापारिक नेताओं को भी अपने साथ मिलाकर अविश्वास और नफरत फैलाने के लिए उकसाने की कोशिश कर रहे हैं? दशकों तक, आपकी पार्टी ने लाइसेंस–कोटा राज के जरिए भारतीय उद्यमियों की भावना को दबाए रखा और करोड़ों भारतीयों को गरीबी में धकेल दिया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार भारतीय उद्योग जगत को रोजगार पैदा करने वाले और आर्थिक विकास को गति देने वालेय के रूप में महत्व देती है। राजनीतिक दलों, नेताओं, सरकारों और संस्थानों की यह समान जिम्मेदारी है कि वे हमारे उद्योगों का समर्थन करें, किसानों को मजबूत बनाएं और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करें। इसलिए, अपने संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय, रचनात्मक तरीके से जुड़ना ज्यादा जरूरी है।

भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को न्याय की गारंटी देता है और हमारे माननीय न्यायालय इसे बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए राहुल जी, हर जगह भूत–प्रेत देखने से बचें। जिस तरह का चिढ़ भरा जवाब वित्त मंत्री ने दिया है, वह प्याज के महंगे होने पर मैं प्याज नहीं खाती, वाले स्तर का ही है। राहुल की चिंता का मूल यही है कि मोदी सरकार में केवल दो उद्योगपतियों को आगे बढ़ने का मौका दिया गया। व्यापार–कारोबार में एकाधिकार की प्रवृत्ति देश के लिए घातक होती है, यह बात राहुल गांधी कई सालों से लगातार उठा रहे हैं। लेकिन उनकी चिंता का तार्किक समाधान प्रस्तुत करने की जगह उन्हें व्यापार विरोधी साबित किया जाता है। अभी रामलीला मैदान में रैली के पहले जिस तरह एक अनजाने से व्यापारी संगठन से राहुल को चिठ्ठी लिखवाई गई कि व्यापार का नुकसान होगा, इसलिए रैली टाल दो, वह भी यही दिखाने की कोशिश है कि राहुल को कारोबारियों से बैर है। जबकि राहुल गांधी ने हमेशा लघु और मध्यम कारोबारियों के लिए आवाज उठाई। नोटबंदी और जीसएटी लागू होने पर उनकी परेशानियों की बात कही। और अब राहुल को व्यापार में एकाधिकार की प्रवृत्ति बढ़ने के कारण टाटा जैसे बड़े औद्योगिक घराने के हक में भी बोलने के लिए सामने आना पड़ा है। बता दें कि टाटा घराने में विवाद टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को दोबारा नियुक्त करने के फैध्सले को लेकर है। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन और टाटा परिवार से ही आने वाले नोएल टाटा ने इस फैसले की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि बोर्ड की बैठक में जरूरी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। उन्होंने फैसले को अमान्य बताते हुए कंपनी से सात दिन के भीतर कई दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगे हैं। उनका आरोप है कि बोर्ड की बैठक के लिए निदेशकों को जो एजेंडा भेजा गया था, उसमें चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति का साफ उल्लेख नहीं था। नोएल टाटा का कहना है कि इसके बावजूद बैठक में यह प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया और कंपनी ने बाद में इसे मंजूर प्रस्ताव के रूप में पेश किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि बैठक के ऑडियो–वीडियो रिकॉर्ड, अंतिम मिनट्स और प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति मांगने के बावजूद उन्हें ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। गौरतलब है कि टाटा समूह की संरचना में टाटा ट्रस्ट्स की अहम भूमिका है। टाटा ट्रस्ट्स से जुड़े ट्रस्ट समूह की प्रमुख कंपनियों में हिस्सेदारी रखते हैं और सामाजिक कार्यों के लिए भी बड़े पैमाने पर संसाधन उपलब्ध कराते हैं। नोएल टाटा टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन हैं। वहीं टाटा संस समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी है। इसलिए टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस के बीच किसी बड़े फैसले पर मतभेद सामने आने से समूह के भीतर प्रशासन और नियंत्रण से जुड़े सवाल उठ सकते हैं। टाटा समूह में छिड़ी अधिकारों की इस लड़ाई में अंततरू जीत किसकी होगी, यह तो वक्त बताएगा। लेकिन भारत के विकास की गाथा में टाटा के योगदान को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। परमाणु उर्जा से लेकर नागरिक उड्डयन, खेलकूद, शिक्षा, ग्रामीण विकास, चिकित्सा जैसे तमाम क्षेत्रों में टाटा समूह ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपना अहम योगदान दिया है। आज जो भारत के धनकुबेर बने बैठे हैं, उन उद्योगपतियों ने देश की प्राकृतिक संपदा का मनमाना दोहन कर केवल अपनी जेबें भरी हैं। बदले में समाज को कुछ नहीं दिया। ऐसे ही एक एकाधिकार पर हॉट मेल बनाने वाले सबीर भाटिया ने डॉक्यूमेंट्री बनाई।

बलिया कलेक्ट्रेट का होगा कायाकल्प, जल्द दिखेगा कॉरपोरेट जैसा लुक

- जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने तैयार कराया आधुनिकीकरण का मास्टर प्लान
- कलेक्ट्रेट परिसर में कलर्ड इंटरलॉकिंग, वाटर हार्वेस्टिंग और भव्य पार्किंग की होगी व्यवस्था

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

बलिया। ऐतिहासिक और बागी धरती बलिया के कलेक्ट्रेट परिसर का जल्द ही पूरी तरह से कायाकल्प होने जा रहा है। आम जनता और फरियादियों को बेहतर सुविधाएं देने तथा प्रशासनिक कामकाज को अधिक सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण का एक वृहद रोडमैप तैयार किया है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के विशेष निर्देशन में तैयार किए गए इस मास्टर प्लान के लागू होने के बाद बलिया कलेक्ट्रेट का लुक किसी कॉरपोरेट ऑफिस की तरह नजर आएगा।

मधुबनी पेंटिंग से सजेंगी दीवारें, दिखेगी बागी बलिया की झलक

योजना के मुताबिक, कलेक्ट्रेट परिसर की पुरानी और जर्जर हो रही दीवारों की मरम्मत कराकर उन पर आकर्षक मधुबनी पेंटिंग और बलिया के गौरवशाली इतिहास (स्वतंत्रता संग्राम) को दर्शाती कलाकृतियां उकेरी जाएंगी। पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में कलर्ड इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जाएंगी, जिससे जलभराव और कीचड़ की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल सके। इसके साथ ही हरियाली को बढ़ावा देने के लिए परिसर का लैंडस्केपिंग कराया जाएगा और सुंदर पेड़–पौधे लगाए जाएंगे।

फरियादियों के लिए मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

जिलाधिकारी ने बताया कि दूर–दराज के गांवों से आने वाले फरियादियों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा गया है। परिसर में एक आधुनिक प्रतीक्षालय (वेटिंग लाउंज) का निर्माण कराया जाएगा, जहां पेयजल, बैठने की उत्तम व्यवस्था और शौचालय की सुविधा होगी। कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को अपनी गाड़ियों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने के लिए एक डेडिकेटेड और भव्य पार्किंग जोन भी विकसित किया जाएगा, जिससे आए दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश : लगेगा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

भविष्य में भूजल संकट से निपटने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कलेक्ट्रेट की मुख्य इमारतों की छतों पर रूफ–टॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम (वर्षा जल संचयन प्रणाली) स्थापित की जाएगी। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस कायाकल्प योजना के तहत निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि बलिया कलेक्ट्रेट पूरे मंडल में एक मॉडल कलेक्ट्रेट के रूप में स्थापित हो सके।

सलेमपुर में पेंशन शिविर, चार वृद्धों को मिला स्वीकृति प्रमाण पत्र

वृद्धावस्था, निराश्रित महिला और दिव्यांगजन पेंशन के लाभार्थियों की समस्याओं का हुआ निस्तारण

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सलेमपुर परिसर में पेंशन योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए शिविर आयोजित किया गया। इसमें वृद्धावस्था पेंशन के 40, निराश्रित महिला पेंशन के 15 और दिव्यांगजन पेंशन के 10 लाभार्थी पहुंचे। अधिकारियों ने पात्रता और पेंशन संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की।

शिविर में वृद्धावस्था पेंशन योजना के चार लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की एक लाभार्थी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से एक लाभार्थी को कान की मशीन वितरित की गई।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सलेमपुर पीएन त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

कांग्रेस नेताओं के परिजनों के निधन पर शोकसभा, दी श्रद्धांजलि



सलेमपुर, देवरिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदय नारायण तिवारी के बड़े भाई सुभाषचंद्र तिवारी और भागलपुर किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्र की पत्नी के निधन पर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय सलेमपुर में शोकसभा आयोजित की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। नेताओं ने दोनों के निधन को कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोकसभा में जिला उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र पांडेय, मार्कंडेय मिश्र, मनीष कुमार रजक, वजीर अहमद, डॉ. रमेश कुशवाहा, सत्यम पांडेय, परमानंद प्रसाद, पृथ्वीनाथ पांडेय, सुच्चन खान, डॉ. याहिया अंजुम, संतोष तिवारी, मोहन प्रसाद, दीनदयाल प्रसाद और रजनीश प्रसाद सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जंगली हाथियों ने तार फेंसिंग गिराई

बहराइच,संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की कतर्नियाघाट रेंज में सदर बीट के घोषणा मोड़ के पास जंगली हाथियों ने तार फेंसिंग गिरा दी। इसके बाद हाथी जंगल की ओर चले गए। वन विभाग ने फेंसिंग की मरम्मत कराने की बात कही है। जंगल से सटे इलाके में हाथियों की आवाजाही बनी हुई है। इसी दौरान हाथियों ने वन विभाग की ओर से लगाई गई तार फेंसिंग को नुकसान पहुंचाया। जंगल किनारे बसे गांवों के लोगों को चिंता है कि हाथी आबादी [illegible]।

दीपावली से पहले मिठाई की दुकानों पर छापेमारी, 10 नमूने लिए

गुणवत्ता में गड़बड़ी की आशंका पर जांच के लिए भेजे गए नमूने, प्रतिष्ठानों को नोटिस

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने अंतर्जनपदीय खाद्य सचल दल के सहयोग से जिले के प्रमुख मिठाई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। अलग–अलग टीमों ने 10 प्रतिष्ठानों की जांच कर बूंदी के लड्डू, खोया मिठाई, छेना मिठाई, कराची हलवा, बेसन और बेसन के लड्डू समेत 10 नमूने एकत्र किए।

जांच के दौरान मिठाई निर्माण स्थलों की साफ–सफाई, खाद्य पदार्थों के भंडारण, कच्चे माल की गुणवत्ता, उपकरणों की स्वच्छता, पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था और संबंधित अभिलेखों की पड़ताल की गई। मिठाइयों में इस्तेमाल होने वाले रंग, चांदी के वर्क, खोया, दूध, खाद्य लाइसेंस और उपयोग की अंतिम तिथि की भी जांच की गई।

विभागीय टीमों ने स्वीट संसार, शिवशक्ति स्वीट्स, कनक स्वीट्स के दोनों प्रतिष्ठानों, तिरुपति बालाजी स्वीट्स, पूजा स्वीट्स, स्टार बेकर्स, गोकुल स्वीट्स सलेमपुर, बीकानेर स्वीट्स स्टेशन रोड और संजय यादव के लड्डू कारखाने की जांच की। एकत्र किए गए सभी नमूने खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। निरीक्षण में मिली कमियों के सुधार के लिए संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य)–प्प हितेन्द्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि दीपावली पर मिठाइयों की बढ़ती मांग को देखते हुए निगरानी अभियान जारी रहेगा। खाद्य पदार्थों में अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा के नवनियुक्त आईटी पदाधिकारियों का स्वागत, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

अभिषेक मिश्रा बने आईटी संयोजक, संदीप सिंह और आजाद राव को मिली सहसंयोजक की जिम्मेदारी

सलेमपुर, देवरिया। सलेमपुर नगर स्थित राज्यमंत्री के जनसंपर्क कार्यालय पर गुरुवार को भाजपा के नवनियुक्त आईटी संयोजक एवं सहसंयोजकों का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पार्टी की ओर से अभिषेक मिश्रा को आईटी संयोजक तथा संदीप सिंह और आजाद राव को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के जरिए पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को और मजबूत करेंगे।

मंडल अध्यक्ष पुनीत यादव, निवर्तमान जिला मंत्री अभिषेक जायसवाल और मीडिया प्रभारी राजीव मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी।

हिरण के बच्चे की मौत

बस्ती,संवाददाता। वाल्टरगंज–हरदिया मार्ग पर बक्सई चौराहे के पास गुरुवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरण के बच्चे की मौत हो गई। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि इस इलाके में अक्सर वन्यजीव सड़क पार करते हैं, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण जानवरों की जान जा रही है।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए 4 नवंबर को बैठक

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए चार नवंबर को शाम पांच बजे एनआईसी सभागार, देवरिया में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.) ने यह जानकारी दी।

उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र के साथ कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र की छायाप्रति संलग्न कर तीन प्रतियों में दो नवंबर तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देवरिया में जमा कर दें। संबंधित लोगों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की गई है।

भाजपा ने गोरखपुर पदयात्रा के लिए रणनीति बनाई

बस्ती,संवाददाता। भाजपा की बस्ती जिला इकाई ने 4 नवंबर को गोरखपुर में प्रस्तावित 'लोकतंत्र बचाओदृअराजकता हटाओ' अभियान की पदयात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की। गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे जिला कार्यालय पर हुई संगठनात्मक बैठक में बस्ती से बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।

पदाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक के मुख्य वक्ता एवं जिला प्रभारी, क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा ने कहा कि संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों से अपने क्षेत्रों में संपर्क अभियान तेज करने को कहा, ताकि 4 नवंबर को गोरखपुर में होने वाली पदयात्रा में बस्ती की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहता है।

पदयात्रा की सफलता के लिए जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निर्धारित तिथि पर अधिक से अधिक संख्या में गोरखपुर पहुंचने का आह्वान किया। गोरखपुर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसे लेकर बस्ती में भी कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में पवन कसौधन, रवि सोनकर, संजय चौधरी, सुशील सिंह, राजेश पाल चौधरी, वैभव पाण्डेय, यशकांत सिंह, राम सिंगर ओझा, अरविंद पाल, संगीता जायसवाल, अमृत कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार, प्रेम प्रकाश चौधरी अंकुर वर्मा, प्रत्युष विक्रम सिंह, भानु प्रकाश मिश्रा, दिलीप पाण्डेय, शिवानी सिंह, सुरेंद्र चौधरी, राकेश शर्मा, राजेन्द्र राजभर, प्रदीप निषाद, सुधाकर पाण्डेय 'नीरज', विनय सिंह भारद्वाज नीलम गौड़ सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी अजय पाल सिंह ने यह जानकारी दी।

शादी का झांसा देकर युवतियों से ऑनलाइन ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

उरई/जालौन,संवाददाता। शादी के नाम पर युवतियों को अपने जाल में फंसाकर ऑनलाइन ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का जालौन साइबर थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी वांछित है। आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, सात एटीएम कार्ड, डॉक्टरों के खाली व लिखे हुए पर्चे, आधार कार्ड, रबर की मुहरें, स्टांप पैड, एक बैग और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है। जालौन के एसपी सुरेश चंद्र रावत ने पुलिस लाइन में खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी मैट्रिमोनियल वेबसाइटों पर प्रोफाइल बनाकर युवतियों से शादी का भरोसा जीतते थे और फिर अपने माता–पिता या परिवार के सदस्यों की गंभीर बीमारी अथवा दुर्घटना का हवाला देकर इलाज के नाम पर रुपये मंगवाते थे। एसपी के अनुसार साइबर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि आरोपी shaadi-com vkSj jeevansathi-com जैसी वेबसाइटों पर प्रोफाइल बनाकर युवतियों से संपर्क करते थे। कुछ दिनों तक बातचीत कर उनका विश्वास जीतने के बाद परिवार में किसी सदस्य की गंभीर बीमारी या दुर्घटना होने की बात बताते थे। विश्वास दिलाने के लिए डॉक्टरों के पर्चे भी दिखाए जाते थे। इसके बाद इलाज के लिए पैसों की जरूरत बताकर युवतियों से ऑनलाइन रकम मंगवाई जाती थी। आरोपी सीएससी केंद्रों और मोबाइल की दुकानों से क्यूआर कोड लेकर उनके माध्यम से रुपये अपने बताए खातों में ट्रांसफर करवाते थे। रकम वापस करने का आश्वासन दिया जाता था, लेकिन जब पीड़िताएं पैसे लौटाने की मांग करती थीं तो आरोपी उनके मोबाइल नंबर ब्लॉक कर संपर्क तोड़ देते थे। पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों की जांच राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर की। जांच के दौरान दूसरे जिलों और राज्यों से संबंधित पांच शिकायतें दर्ज होने की जानकारी सामने आई। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, पोर्टल पर दर्ज ठगी की धनराशि 8 लाख 4 हजार 881 रुपये बताई गई है। वहीं, आरोपियों के खिलाफ झांसी और मध्य प्रदेश के दतिया जिले में भी मुकदमे दर्ज होने की जानकारी दी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उमाकांत पटेल पुत्र बलराम पटेल निवासी कुम्हार के कुआं, कोछाभांवर, थाना नवाबाद, जिला झांसीय रविकांत यादव पुत्र भारत सिंह यादव निवासी उसरगांव, कोतवाली उरई, जिला जालौन और कौशल किशोर उर्फ विक्की चौरसिया पुत्र सीताराम चौरसिया निवासी उमरारखेड़ा, छतरी वाले कुआं के पास, कोतवाली उरई, जिला जालौन के रूप में हुई है। पुलिस ने मंगल सिंह पुत्र भारत सिंह यादव निवासी उसरगांव, कोतवाली उरई को वांछित बताया है।

मजदूरी मांगने पहुंचे सिर पर टॉर्च से वार

बस्ती,संवाददाता। जिले के विक्रमजोत बाजार में मजदूरी लेने पहुंचे हसन मुहम्मद पर लोहे की टॉर्च से हमला किया गया। उनके पिता रोशन ने पुलिस चौकी में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। रोशन के मुताबिक, उनका बेटा हसन मुहम्मद विक्रमजोत बाजार में पुल्लू सेठ की दुकान पर मजदूरी करता है। बुधवार, 28 अक्टूबर की शाम काम खत्म करने के बाद वह मजदूरी लेने दुकान पर बैठा था। शिकायत के अनुसार, इसी दौरान कवलपुर निवासी सूरज वहां पहुंचा। रोशन ने आरोप लगाया कि सूरज शराब के नशे में था और उसने हसन को गालियां दीं। हसन ने मना किया तो सूरज ने पास रखी लोहे की टॉर्च से उसके सिर पर वार किया। रोशन ने बताया कि हसन का सिर फट गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद सूरज ने उसे लात–जूतों से मारा। राहगीरों ने बीच–बचाव किया।

थाना प्रभारी सस्पेंड, एसीपी हटाए गए, कमिश्नर ने लिया एक्शन

नोएडा,संवाददाता। नोएडा में बिजली विभाग से जुड़े एक मामले की जांच में लापरवाही सामने आने पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर–63 थाना प्रभारी अमित काकरान को निलंबित कर दिया है। वहीं, बिसरख सर्किल के एसीपी कमलेश कांत उर्फ केके वर्मा को पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह पवन कुमार को बिसरख का नया एसीपी बनाया गया है।

सेक्टर–63 थाने में नए प्रभारी की तैनाती जल्द होगी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बिजली विभाग से जुड़े मामले में सेक्टर–63 थाने में केस दर्ज हुआ था। इसकी जांच की जिम्मेदारी बिसरख एसीपी के पास थी। जांच में लापरवाही मिलने पर दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। दीपावली समेत अन्य त्योहारों को देखते हुए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में फेरबदल की तैयारी है। चर्चा है कि छह से अधिक थानों के प्रभारी बदले जा सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बुधवार देर रात क्राइम मीटिंग कर कानून–व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। उन्होंने त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ाने, गश्त तेज करने और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैंक खातों से पैसे गायब, दिव्यांग बेटी के इलाज के लिए रखी 12 लाख की एफडी भी नहीं मिली

नोएडा,संवाददाता। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पाई स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में गुरुवार को भी लोगों की भीड़ जमा रही और वह अपने पैसे के आने का इंतजार करते रहे लोगों ने कहा है कि जब तक उनके पैसे नहीं आएंगे वह बैंक के बाहरी बैठे रहेंगे।

आज संजय नाम के एक व्यक्ति भी बैंक से पैसा निकालने के लिए आए,उन्होंने बताया कि उनकी बेटी दिव्यांग है, जिसका इलाज चल रहा है,उसके इलाज के लिए ढाई लाख रुपये डॉक्टर के द्वारा मांगे गए हैं, मेरे द्वारा 2024 में नोएडा एयरपोर्ट से मुआवजा मिलने के बाद 12 लाख रुपए की एफडी की गई थी लेकिन आज जब बच्ची के इलाज के लिए पैसे की जरूरत पड़ी तो मेरे खाते में कुछ भी नहीं बचा है, अब संजय काफी परेशान है, उनका कहना है कि अब वह किस से अपनी बेटी के इलाज के लिए पैसे मांगेंगे क्योंकि यह एफडी उन्होंने केवल बेटी के इलाज के लिए ही कराई थी। वहीं बिरोंडा के रहने वाले शमसुद्दीन ने बताया की मुआवजा मिलने के बाद पैसे बैंक में जमा किए थे और करीब नौ लाख रुपए जमा थे, जब आज निकालने आए तो बैंक वालो ने उल्टे 46 हजार रुपए हमपर ही निकाला दिए और बोले कि आपको 46 हजार जमा करने होंगे,जबकि मेरे 9 लाख का कोई जवाब नहीं दिया वह अकाउंट से गायब के दिए। वही धर्म सिंह ने बताया कि उसे जेवर एयरपोर्ट का डेढ़ करोड़ का मुआवजा मिला था जब आज पैसे निकालने आए तो अकाउंट बिल्कुल खाली है और बैलेंस जीरो है बैंक वालों ने कहा की जल्दी ही आपके पैसे वापस मिल जाएंगे।

युवक की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

ठेला धकेलने के विवाद में फावड़े से किया वार

बस्ती,संवाददाता। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के थाल्हापार गांव में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार सुबह तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से वारदात में इस्तेमाल फावड़ा भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बालगोबिंद (33), ममता (करीब 25) और इंद्रासनी (65) शामिल हैं। घायल युवक की मंगलवार देर रात करीब 11 बजे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बुधवार सुबह उसका शव गांव पहुंचा था। मृतक के पिता राम बहाल के मुताबिक, 20 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे उनका बेटा ससुराल से घर लौट रहा था। गांव के पास नहर के नजदीक कुछ लोगों ने उसे रोककर ठेला धकेलने को कहा। अंधेरे में ठेला धकेलने से मना करने पर विवाद हो गया। पिता का आरोप है कि इसके बाद बालगोबिंद, ममता, इंद्रासनी और अन्य लोगों ने डंडे, ईंट, लात–मुक्कों और फावड़े के पिछले हिस्से से उनके बेटे को पीटा। सिर में चोट लगने से वह बेहोश हो गया। राम बहाल का आरोप है कि बेटे को बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। उन्हें जातिसूचक गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। घायल युवक को पहले बनकटी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे कैली अस्पताल और फिर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां मंगलवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हत्या के मामले में वांछित तीनों आरोपियों को गुरुवार को थाल्हापार से मुंडेरवा जाने वाले रास्ते पर हिचड़वा नाले के पास से गिरफ्तार किया गया।

3 शेरों के बीच जंगल में रणबीर कपूर ने आलिया भट्ट को किया प्रपोज

रणबीर कपूर का आलिया भट्ट को प्रपोज करना एक रोमांटिक पल होना था लेकिन कुछ ही दूरी पर तीन शेरों के खड़े होने की वजह से, अभिनेता के लिए स्थिति थोड़ी तनावपूर्ण हो गई थी। उस खास पल को याद करते हुए, रणबीर ने बताया कि जब वह अपनी शेरनी (आलिया) को शादी के लिए प्रपोज कर रहे थे, तो उन्हें खुद एक चूहे जैसा महसूस हो रहा था। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में शामिल होने के दौरान, रणबीर ने बताया कि कैसे उन्होंने 2022 में केन्या के मसाई मारा की यात्रा के दौरान आलिया को प्रपोज करने की योजना बनाई थी। अमिताभ बच्चन से बात करते हुए, अभिनेता ने बताया कि उन्होंने पहले ही अपने गाइड और ड्राइवर से बात कर ली थी और उनसे जंगल के बीच कहीं गाड़ी रोकने के लिए कहा था। वह अपने साथ एक अंगूठी भी ले गए थे और चाहते थे कि वे दूर से ही इस प्रपोजल की तस्वीरें खींच लें। अपनी योजना के बारे में बताते हुए रणबीर ने कहा, "मैंने पहले ही अपने गाइड, जो ड्राइवर भी थे, उन्हें बता दिया था कि जंगल के बीच कहीं गाड़ी रोक देना। मैं एक अंगूठी साथ लाया था और मेरा इरादा घुटनों के बल बैठकर प्रपोज करने का था। मैंने उनसे दूर से तस्वीरें खींचने के लिए कहा क्योंकि लड़कियों को तस्वीरें खिंचवाने का बहुत शौक होता है।

इंस्टाग्राम पर डालने के लिए इसलिए मुझे लगा कि आलिया के लिए यह बहुत जरूरी था। उनकी यह बात सुनकर, शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने मजाक में कहा कि ऐसे खास पल का कोई सबूत तो होना ही चाहिए। उन्होंने कहा, पर सर, एक... सबूत तो होना चाहिए। इसके बाद रणबीर ने बताया कि असल में जो हुआ, वह उनकी कल्पना से बिल्कुल अलग था। उनके पास अंगूठी तो थी, लेकिन लगभग 100 फीट की दूरी पर तीन शेर खड़े थे, जिससे यह रोमांटिक पल थोड़ा और डरावना हो गया। इस नजारे के बारे में बताते हुए एक्टर ने कहा, सबूत तो होना ही चाहिए... खैर, अंगूठी तो मेरे पास थी हीय मैं उसे घर से लेकर गया था। लेकिन सर, हालात कुछ ऐसे थे कि... लगभग 100 फीट दूर तीन नर शेर खड़े थे, मेरी शेरनी (आलिया) मेरे सामने खड़ी थी, और मैं एक चूहे की तरह घुटनों के बल बैठकर पूछ रहा था, बेबी, क्या तुम मुझसे शादी करोगी ? तो, मुझे लगता है कि यह मेरी जिंदगी का एक बहुत ही अनोखा अनुभव था, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। आलिया और रणबीर को अपनी हिट फिल्म ब्रह्मास्त्र की शूटिंग के दौरान एक–दूसरे से प्यार हो गया था। कुछ सालों तक डेट करने के बाद, दोनों ने अप्रैल 2022 में शादी कर ली। इसके बाद, नवंबर 2022 में उनके घर बेटी राहा का जन्म हुआ। कौन बनेगा करोड़पति का खास एपिसोड, जिसका नाम कौन बनेगा करोड़पति दिवाली स्पेशल है। 29 और 30 अक्टूबर को रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

निक जोनास के नाम की मेहंदी रचाकर प्रियंका चोपड़ा ने मनाया करवा चौथ

ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा जोनास हर साल की तरह इस बार भी करवा चौथ का त्योहार मनाती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी हथेली पर लगी करवा चौथ स्पेशल मेहंदी की एक झलक साझा की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर, प्रियंका ने अपनी हथेली की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लगी मेहंदी के डिजाइन में उनके पति निक जोनास का नाम शामिल था। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, पिया के नाम की... करवा चौथ मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं। अपनी एक और सोशल मीडिया स्टोरी में, अभिनेत्री ने मेहंदी को करीब से दिखाया और एक ऐसी पारंपरिक विधि के बारे में पूछा, जिससे मेहंदी का रंग गहरा हो जाता है। उन्होंने लिखा, सवाल यह है कि क्या चाशनी काम करेगी ? जो जानते हैं, वे समझ गए होंगे। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि चाशनी का मतलब चीनी के घोल से है।

अनमोल टीवी के 'हमारी राधा' में गिरधर और शनाया की बढ़ती नजदीकियों से टूटा राधा का दिल, अब लेगी बदला

उत्तर प्रदेश, अक्टूबर, । जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड के फ्री–टू–एयर हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चौनल अनमोल टीवी के पहले ओरिजिनल शो 'हमारी राधा' में राधा (सिमरन कौर) इस बात से परेशान है कि गिरधर (अक्षय म्हात्रे) शनाया (वैदेही नायर) के और करीब आता जा रहा है। शनाया गिरधर के लिए एक रोमांटिक डेट प्लान करती है, तो गिरधर को उसका अंदाज काफी पसंद आता है और वह शाम शनाया के नाम कर देता है। यह देखकर राधा का दिल टूट जाता है। एक तरफ गिरधर और शनाया अपने रोमांटिक पलों को जी रहे होते हैं, वहीं दूसरी तरफ राधा अपनी शादी को बचाने की उम्मीद में भगवान से प्रार्थना करती है। लेकिन, उसका दर्द अब धीरे–धीरे गुस्से में बदलने लगा है।

राधा अपनी सास के कहने पर शनाया से बदला लेने की सोचती है। दोनों के रिश्ते में परेशानी खड़ी करने के लिए वह गिरधर और शनाया के घर की पानी की सप्लाई बंद कर देती है, जिससे गिरधर को हालात संभालने में मुश्किल होने लगती है। राधा दोनों के रिश्ते पर लगातार नजर रख रही है। ऐसे में, अपनी शादी बचाने की उसकी कोशिश अब सीधे टकराव की ओर बढ़ती नजर आ रही है।

क्या राधा की योजना गिरधर और शनाया के रिश्ते में दरार डाल पाएगी? और दिल टूटने के बाद बदला लेने की चाह में राधा अपनी शादी के लिए किस हद तक जाएगी?

देखिए 'हमारी राधा' हर रात 9:30 बजे, सिर्फ अनमोल टीवी पर।

अर्जुन बिजलानी ने अपनी पत्नी का करवा चौथ बना दिया यादगार

टीवी अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने अपनी पत्नी नेहा बिजलानी को एक शानदार नई कार गिफ्ट करके उनके लिए करवा चौथ को और भी खास बना दिया। इस खास पल को साझा करते हुए, नागिन फेम अभिनेता ने अपनी पत्नी के लिए एक प्यारा सा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने अपना प्यार जताया और उनकी खुशियों की कामना की। उन्होंने लिखा–हैप्पी करवा चौथ, बेबी! उस महिला के लिए एक छोटा सा सरप्राइज, जो हर दिन को खास बना देती है। तुम जीवन की सारी खुशियों, सारे प्यार और हर खूबसूरत चीज की हकदार हो। और हां, जन्मदिन की भी बहुत–बहुत बधाई, मेरी जान! वीडियो में दिख रहा है कि अर्जुन ने सरप्राइज दिखाने से पहले नेहा की आंखों पर पट्टी बांध दी थी। नई शानदार कार देखकर नेहा बेहद खुश हो गईं। इसके बाद दोनों ने एक–दूसरे को गले लगाया और फिर नेहा कार लेकर ड्राइव पर निकल गईं। अर्जुन की मां भी उनके साथ थीं और उन्होंने नई कार की पूजा की। अभिनेता के इस अंदाज ने त्योहार के मौके को नेहा के जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ जोड़ दिया, जिससे यह पल इस जोड़े के लिए यादगार बन गया।

कृति खरबंदा के जन्मदिन पर याद करें उनकी ऑन-स्क्रीन जोड़िया

अभिनेत्री कृति खरबंदा ने अपनी फिल्मों के जरिए रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा जैसे अलग–अलग जॉनर में काम किया है। उनके जन्मदिन के मौके पर नजर डालते हैं उन छह फिल्मों पर, जिनमें उनकी जोड़ी अलग–अलग अभिनेताओं के साथ बनी। इन फिल्मों में कहीं रिश्तों की उलझनें देखने को मिलीं, तो कहीं प्यार, हंसी और भावनाओं से जुड़ी कहानियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। फिल्म 'राज रीबूट' में कृति खरबंदा इमरान हाशमी के साथ नजर आई थीं।

हॉरर और सस्पेंस से भरपूर इस फिल्म में एक शादीशुदा रिश्ते के बीच रहस्यमयी घटनाएं सामने आती हैं। फिल्म की कहानी ने कृति को रोमांटिक भूमिकाओं से अलग एक ऐसे माहौल में काम करने का मौका दिया, जहां डर, रहस्य और रिश्तों की परेशानियां साथ–साथ चलती हैं।'गेस्ट इन लंदन' में कृति और कार्तिक आर्यन की जोड़ी ने रोमांटिक कॉमेडी का रंग दिखाया। फिल्म में रहने की एक अनपेक्षित व्यवस्था से ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जो किरदारों की जिंदगी में हास्य और उलझनें लेकर आती हैं। दोनों कलाकारों ने कहानी में रोमांस और हल्के–फुल्के मनोरंजन का मेल पेश किया। कॉमेडी फिल्म 'पागलपंती' में कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट की जोड़ी नजर आई थी। फिल्म में दोनों के बीच की केमिस्ट्री के साथ उनकी असल जिंदगी की प्रेम कहानी भी इस जोड़ी को खास बनाती है। साथ काम करने के दौरान दोनों करीब आए और उनका रिश्ता आगे बढ़कर शादी तक पहुंचा। यही वजह है कि पर्दे पर उनकी जोड़ी को उनके प्रशंसक निजी जिंदगी के सफर से जोड़कर भी देखते हैं। 'शादी में जरूर आना' में कृति खरबंदा ने आरती शुक्ला का किरदार निभाया था, जबकि राजकुमार राव उनके साथ मुख्य भूमिका में थे। फिल्म प्यार, करियर की महत्वाकांक्षाओं, रिश्तों में आई दरार और कठिन फैसलों के इर्द–गिर्द घूमती है। कहानी में दोनों किरदारों के बीच बदलते रिश्ते कई भावनात्मक मोड़ लाते हैं। कृति के किरदार की जिंदगी में आने वाले उतार–चढ़ाव फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। फिल्म '14 फेरे' में कृति खरबंदा ने अदिति करवसरा की भूमिका निभाई थी और विक्रांत मैसी उनके साथ नजर आए।

21 साल बाद लौटे सुरों के करण-अर्जुन

90 दशक में सुरों के सरताज कुमार सानू और उदित नारायण की जोड़ी ने एक साथ मिलकर कई यादगार गीतों को गाया था। जिनमें सलमान खान और शाह रुख खान स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म करण–अर्जुन का कल्ट सॉन्ग ये बंधन तो... भी शामिल है। अब सुरों के करण–अर्जुन की जोड़ी यानी कुमार सानू और उदित नारायण ने 21 साल के लंबे इंतजार के बाद सनी देओल की अपकमिंग फिल्म सूर्या (नतल) के लेटेस्ट सॉन्ग को गाकर इंडस्ट्री में वापसी की है। आइए जानते हैं कि वह कौन सा गाना है। सोमवार को सनी देओल की अपकमिंग फिल्म सूर्या के मेकर्स द्वारा फिल्म के पहले गाने को जल्द ही रिलीज करने की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की गई थी। इस आधार पर मंगलवार को सूर्या का पहला सॉन्ग सुनियो जरा... रिलीज कर दिया गया है। इस गीत कुमार सानू और उदित नारायण ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। सूर्या के इस सॉन्ग को सुनने के बाद यकीनन तौर पर 90 के दशक की यादें ताजा हो जाएंगी। जब सिनेमा जगत में उदित और सानू की आवाज एक साथ गूंजा करती थी। मालूम हो कि आखिरी बार इन दोनों गायकों ने मिलकर 21 साल पहले आई फिल्म नो एंट्री (2005) के लिए कहां हो तुम... गाना साथ मिलकर रिकॉर्ड किया था।

आपको बता दें कि उदित नारायण और कुमार सानू के अलावा मशहूर गायक अनूपम अमोद ने भी सूर्या फिल्म के सुनियो जरा गाने अपनी आवाज दी है। यही गाना दोस्ती के रिश्ते पर आधारित है, जो जीवन में दोस्तों के महत्व के बारे में बताता है। सूर्या के ये लेटेस्ट सॉन्ग सनी देओल (नददल क्मवस) और रवि किशन के अलावा फिल्म के अन्य कलाकारों पर फिल्माया गया है।

इस साल अब तक सनी देओल की दो फिल्में रिलीज हुई हैं, जिनमें बॉर्डर 2 सुपरहिट रही है और बंटवारा 1947 बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। अब फिल्म सूर्या के जरिए सनी बड़े पर्दे पर वापसी करते हुए नजर आएंगे, जिसे 20 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

लव गिल को नॉमिनेट करने को लेकर स्काउट पर भड़की काम्या पंजाबी

अभिनेत्री और बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट काम्या पंजाबी इस रियलिटी शो को काफी दिलचस्पी से देखती हैं। वह अक्सर ग पर शो की ताजा घटनाओं, कंटेस्टेंट्स और उनके गेमप्ले पर अपनी राय साझा करती रहती हैं। अपने हालिया ट्वीट में, काम्या ने कंटेस्टेंट स्काउट पर तंज कसा। वीकेंड का वार के दौरान, रोहित शेट्टी और स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी ने लव गिल के साथ स्काउट की बढ़ती नजदीकियों और उसे मसाज देने की आदत को लेकर उससे तीखे सवाल पूछे थे। बिग बॉस 20 के हालिया एपिसोड में एक नॉमिनेशन टास्क हुआ, जिसमें स्काउट ने लव गिल को नॉमिनेट कर दिया। जबकि स्काउट ने पहले दावा किया था कि वह लव गिल को अपनी बहन मानता है। स्काउट के इस फैसले से लव काफी आहत दिखीं, वहीं बाकी कंटेस्टेंट्स भी हैरान रह गए, क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि स्काउट उसे नॉमिनेट करेगा। स्काउट द्वारा लव को नॉमिनेट किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए, काम्या पंजाबी ने कहा कि ऐसे रिश्ते सिर्फ अपनी सुविधा के लिए बनाए जाते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा–बहन माना था ना? मसाज खत्म तो रिश्ता भी खत्म? नॉमिनेशन आते ही तू कौन और मैं कौन वाली स्थिति हो गई! सुविधाजनक रिश्ते का सुविधाजनक अंत। बस एक बार डांट क्या पड़ी, परिवार वाली सारी भावनाएं ही गायब हो गईं। स्काउट की गर्लफ्रेंड, काशवी, हाल ही में बिग बॉस 20 के वीकेंड का वार एपिसोड में नजर आईं। वहां उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड तन्मय (स्काउट) से, दूसरी कंटेस्टेंट लव गिल के साथ उसकी बढ़ती नजदीकियों को लेकर सवाल–जवाब किए। स्टेज पर आने के दौरान, काशवी ने लव के साथ भी थोड़ी बातचीत की और उस पर स्काउट ऑप को फंसाने का आरोप लगाया। हालांकि कई दर्शकों ने अपने बॉयफ्रेंड से सवाल पूछने के लिए काशवी का समर्थन किया, लेकिन लव गिल के खिलाफ उनकी बातों को सोशल मीडिया यूजर्स के एक वर्ग ने पसंद नहीं किया। कई नेटिजन्स ने लव के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए काशवी की आलोचना की, जिससे सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस आलोचना के बीच, काशवी ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक नोट लिखा, जिसमें उन्होंने उन सभी लोगों से माफी मांगी जिन्हें उनकी बातों से दुख पहुंचा है। उन्होंने लिखा, ष्मेरा इरादा स्काउट से बात करना, उसकी गलतियों को सामने लाना और उसे उसके कामों के लिए जवाबदेह ठहराना था।

बच्चा खाता है मिट्टी या दीवार का प्लास्टर, ये 5 तरीके छुड़ाएंगे उसकी आदत

छोटे बच्चों को खेलते समय मिट्टी, चॉक या दीवार का प्लास्टर मुंह में डालते हुए आपने कई बार देखा होगा। शुरुआत में माता–पिता इसे बच्चों की शरारत या उनकी जिज्ञासा समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन अगर बच्चा बार–बार ऐसी चीजें खाने लगे, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। मिट्टी या दीवार का प्लास्टर खाने के पीछे कभी–कभी आयरन जैसे पोषक तत्वों की कमी या पिका नाम की समस्या हो सकती है, जिसमें व्यक्ति खाने योग्य न होने वाली चीजें खाने की इच्छा महसूस करता है। ऐसी चीजें खाने से बच्चे को संक्रमण, पेट की परेशानी या हानिकारक पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा भी हो सकता है। ऐसे में बच्चे को डांटने के बजाय उसकी आदत के पीछे की वजह समझना और सही कदम उठाना जरूरी है।

अगर बच्चा मिट्टी, चॉक या दीवार का प्लास्टर मुंह में डालता है, तो उसे डांटने या डराने के बजाय प्यार से समझाएं। उसे आसान शब्दों में बताएं कि ये चीजें खाने के लिए नहीं हैं और इन्हें खाने से पेट में दर्द या दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जब भी बच्चा मिट्टी या प्लास्टर मुंह में डालने की कोशिश करे, तो शांति से उसे रोकें और उसका ध्यान किसी सुरक्षित गतिविधि की ओर ले जाएं। कई छोटे बच्चे जिज्ञासा या खेलते समय आसपास की चीजों को मुंह में डाल लेते हैं। ऐसे में उन्हें उम्र के हिसाब से सुरक्षित खिलौने, ब्लॉक्स, ड्राइंग और पजल जैसी गतिविधियां दें। बच्चे के साथ समय बिताएं और उसके खेलने की जगह पर नजर रखें। हालांकि, अगर बच्चा बार–बार गैर–खाने वाली चीजें खाने की कोशिश करता है, तो केवल उसका ध्यान भटकाना पर्याप्त नहीं है। इसकी वजह जानना भी जरूरी है। कुछ मामलों में मिट्टी या दूसरी गैर–खाने वाली चीजें खाने की आदत का संबंध आयरन की कमी से हो सकता है। इसलिए बच्चे के आहार में उसकी उम्र के अनुसार दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करें। आयरन और जिंक जैसे पोषक तत्वों की कमी की आशंका होने पर डॉक्टर से सलाह लें। बिना जांच के बच्चे को आयरन, जिंक या कोई अन्य सप्लीमेंट न दें। डॉक्टर जरूरत के अनुसार जांच करवाकर सही उपचार बता सकते हैं। अगर बच्चा दीवार का प्लास्टर खुरचकर खाता है, तो उस जगह की मरम्मत करवाएं और बच्चे की पहुंच से दूर रखें। घर के फर्श और खेलने की जगह को साफ रखें। बाहर खेलते समय भी बच्चे पर नजर रखें, ताकि वह मिट्टी, धूल या दूसरी हानिकारक चीजें मुंह में न डाल सके। पुरानी दीवारों के पेंट या प्लास्टर में सीसा जैसे हानिकारक पदार्थ हो सकते हैं। इसलिए अगर बच्चा बार–बार दीवार का प्लास्टर खाता है, खासकर पुराने घर में, तो डॉक्टर से संभावित सीसा संपर्क और जरूरी जांच के बारे में बात करें। ध्यान दें कि बच्चा कब और कितनी बार मिट्टी या प्लास्टर खाने की कोशिश करता है। क्या वह खेलते समय ऐसा करता है, बोर होने पर या किसी खास जगह पर बार–बार दीवार खुरचता है?

इन बातों को समझने से डॉक्टर को भी समस्या का कारण जानने में मदद मिल सकती है। बच्चे को शर्मिंदा करने, डराने या सजा देने से बचें। अगर वह बार–बार ऐसा कर रहा है, तो इसे सिर्फ बुरी आदत मानने के बजाय उसकी सेहत और व्यवहार से जुड़ी समस्या के रूप में समझें।

रबी फसलों की खरीद में हुई बढ़ोतरी

एजेंसी,नयी दिल्ली । छह रबी फसलों की खरीद बढ़कर 2025–26 में 3,921 लाख मीट्रिक टन हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2004–05 में 2,302 लाख मीट्रिक टन थी। साथ ही, इस दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान 2.65 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 8.36 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह जानकारी गुरुवार को जारी आधिकारिक फैक्टशीट में दी गई। सरकार ने 30 सितंबर को रबी विपणन सत्र (आरएमएस) 2027–28 के लिए सभी निर्धारित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दी।

इसके तहत, 324 लाख मीट्रिक टन (एमटी) उपज के लिए किसानों को लगभग 90,962 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। फैक्टशीट में बताया गया, "अब डिजिटल प्लेटफॉर्म खरीद और भुगतान प्रक्रियाओं की सुलभता और पारदर्शिता को बढ़ा रहे हैं। मूल्य की गारंटी, खरीद का विस्तार और तकनीक–आधारित डिलीवरी मिलकर किसानों की बाजारों तक पहुंच को मजबूत कर रहे हैं और कृषि संबंधी फैसलों में उनका भरोसा बढ़ा रहे हैं। सरकार हर साल 22 प्रमुख कृषि फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा करती है। ये एमएसपी, कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों पर आधारित होते हैं। इस साल एमएसपी में सबसे अधिक बढ़ोतरी कुसुम के लिए की गई है, जो 675 रुपए प्रति क्विंटल है। इसके बाद रेपसीड और सरसों (413 रुपए प्रति क्विंटल), मसूर (390 रुपए प्रति क्विंटल) और जौ (136 रुपए प्रति क्विंटल) का नंबर आता है। पिछले साल की तुलना में गेहूं और चना की एमएसपी में भी बढ़ोतरी हुई है।

फैक्टशीट के अनुसार, उत्पादन लागत पर मिलने वाले रिटर्न के मामले में, गेहूं में सबसे अधिक (106 प्रतिशत) मार्जिन का अनुमान है। इसके बाद रेपसीड और सरसों (96 प्रतिशत), मसूर (92 प्रतिशत) और चना (59 प्रतिशत) का स्थान है। रबी मार्केटिंग सीजन (आरएमएस) 2027–28 के दौरान, 324 लाख मीट्रिक टन उपज के लिए किसानों को लगभग 90,962 करोड़ रुपए का भुगतान किए जाने का अनुमान है। फैक्टशीट में कहा गया है कि रबी फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाने का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम दिलाना और साथ ही उन्हें फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करना है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए खरीद प्रक्रिया को भी मजबूत किया गया है। 19 अक्टूबर 2026 तक, ई–संयुक्त प्लेटफॉर्म के माध्यम से 43 लाख से अधिक किसानों से उपज की खरीद की गई है। इसके तहत 37.45 लाख मीट्रिक टन से अधिक उपज खरीदी गई और किसानों के खातों में 13,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा की गई है। वहीं, ई–समृद्धि प्लेटफॉर्म पर 1.37 करोड़ से अधिक किसान पंजीकृत हैं। इसके जरिए 2.25 करोड़ यूनिट से अधिक उपज की खरीद की गई है और किसानों को 81 लाख से अधिक बार भुगतान किया गया है।

भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद

एजेंसी,मुंबई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 905.01 अंक या 1.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,151.04 और निफ्टी 237.90 अंक या 1.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,936.75 पर था। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 566.95 अंक या 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,841.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 176.45 अंक या 0.95 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,811.35 पर बंद हुआ। सूचकांकों में निफ्टी रियल्टी (2.75 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (2.34 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (2.20 प्रतिशत), निफ्टी सर्विसेज (1.61 प्रतिशत), निफ्टी प्राइवेट बैंक (1.24 प्रतिशत), निफ्टी इन्फ्रा (1.18 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (1.18 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (1.17 प्रतिशत), निफ्टी पीएसई (1.15 प्रतिशत) की तेजी के साथ सबसे ज्यादा बढ़त के साथ बंद हुए। मुख्य सूचकांकों में केवल निफ्टी ऑटो (0.24 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, इटरनल, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, एसबीआई, टाइटन, एनटीपीसी, बीईएल, इन्फोसिस, आईटीसी, भारती एयरटेल, एमएंडएम, एलएंडटी, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक,एचसीएल टेक और बजाज फिनसर्व गेनर्स थे।

ट्रेंट, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक लूजर्स थे। जानकारों ने कहा कि अमेरिकी फेड द्वारा दरों में बढ़ोतरी रोकने, कच्चे तेल की कीमतों में मामूली नरमी और संस्थागत निवेशकों की ओर से फिर से खरीदारी शुरू होने के चलते भारतीय शेयर बाजारों में तेजी आई, जबकि बाहरी माहौल चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। मजबूत उपभोक्ता मांग के कारण एफएमसीजी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी दिखी।

इसके अलावा, फाइनेंशियल, आईटी, रियल्टी और पावर सेक्टर में भी मजबूती आई। मिड–कैप और स्मॉल–कैप शेयरों में भी तेजी रही, जो बाजार के व्यापक दायरे में सुधार का संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में विदेशी निवेशकों की खरीदारी और घरेलू संस्थागत निवेशकों के लगातार समर्थन से बाजार में लिक्विडिटी की स्थिति बेहतर हुई है। कंपनियों की कमाई में लचीलापन और घरेलू मांग में स्थिरता बाजार के लिए सकारात्मक संकेत हैं, हालांकि इनपुट लागत बढ़ने से कंपनियों के मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है। दूसरी ओर, ब्रेंट क्रूड की ऊंची कीमतें, रुपये में कमजोरी, घरेलू बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और भू–राजनीतिक अनिश्चितता अभी भी प्रमुख जोखिम बने हुए हैं।

वित्तीय अपराध अनुपालन क्षेत्र में 2030 तक 19,000 से अधिक विशेषज्ञ नौकरियां पैदा होंगी : एनएलबी

एजेंसी, मुंबई। बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में वित्तीय अपराधों पर अंकुश के लिए विशेषज्ञता वाली भूमिकाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में वर्ष 2030 तक इस क्षेत्र में नियमों के अनुपालन से जुड़ी 19,000 से अधिक विशेषज्ञ नौकरियां पैदा होने का अनुमान है। वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल प्रतिभा समाधान प्रदाता एनएलबी सर्विसेज ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एनएलबी सर्विसेज के भारत में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वरुण सचदेवा ने कहा कि वित्तीय संस्थानों द्वारा धनशोधन रोधी (एएमएल), अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी), आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक (सीटीएफ), प्रतिबंधों के अनुपालन और लेनदेन की निगरानी से जुड़े तंत्र को मजबूत किए जाने के साथ भारत में वित्तीय अपराध अनुपालन क्षेत्र में कार्यरत लोगों की संख्या वर्ष 2030 तक बढ़कर 45,000 होने का अनुमान है। इससे 19,000 से अधिक विशेषज्ञ नौकरियां पैदा होंगी। हालांकि, इस क्षेत्र में कुशल प्रतिभाओं की भारी कमी है। वर्तमान में कार्यबल में शामिल होने वाले पेशेवरों में से केवल 40 प्रतिशत के पास धनशोधन संबंधी जांच, अंकुशों की जांच, धोखाधड़ी के आंकड़ों का विश्लेषण, नियामकीय रिपोर्टिंग और वित्तीय अपराध से जुड़ी प्रौद्योगिकी प्रणालियों में विशेषज्ञता है। सचदेवा ने कहा कि वित्तीय संस्थान कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित निगरानी, व्यवहार विश्लेषण, मॉडल संचालन और जोखिम आधारित जांच को ध्यान में रखते हुए वित्तीय अपराध संबंधी कार्यप्रणालियों में बदलाव कर रहे हैं। इससे इस क्षेत्र में जरूरी कौशल की प्रकृति भी बदल रही है।

जेस जोनासेन को पाकर खुश हैं, आरसीबी हेड कोच रंगराजन

एजेंसी, नयी दिल्ली। डिफेंडिंग चौंपियन रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने डब्ल्यूपीएल 2027 ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई ऑल–राउंडर सोफी मोलिनक्स को अपनी टीम में वापस लाने की कोशिश में 1.05 करोड़ रुपये तक बोली लगाई, लेकिन आखिर में यूपी वॉरियर्स से हार गए। आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने ऑक्शन के दिन बोली लगाने के लिए फ्रेंचाइजी के तरीके के बारे में बताया, साथ ही यह भी बताया कि टीम ने आने वाले सीजन के लिए अपनी टीम को फाइनल करते समय चोटिल ऑस्ट्रेलियाई ऑल–राउंडर जेस जोनासेन को 40 लाख रुपये में क्यों चुना। रंगराजन ने माना कि आरसीबी ने मोलिनक्स की सर्विस को बनाए रखने के लिए बहुत कोशिश की थी, लेकिन ऑक्शन में 1.15 करोड़ रुपये की रकम होने के कारण, टीम को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को पाने की अपनी कोशिशों के साथ–साथ दूसरी प्राथमिकताओं पर भी ध्यान देना पड़ा। रंगराजन ने जियोस्टार को बताया, ष्जब आपके पास 1.15 करोड़ हों और आप किसी के लिए 1.05 करोड़ तक जाएं, तो मुझे लगता है कि हमने उन्हें वापस पाने के लिए अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। हमें यह भी मानना घ्होगा कि हमने पिछले साल चौंपियनशिप जीती थी। इसलिए, हम उन्हें अपनी टीम में रखना पसंद करते। हमने यह दिखाने की कोशिश की। मैं सोफी को यूपी के लिए खेलने पर शुभकामनाएं देता हूं। वह एक शानदार क्रिकेटर है। ऑक्शन ऐसे ही होता है, और हमारे पास दूसरे खिलाड़ी भी थे जिन्हें हम देख रहे थे। मोलिनक्स को न लेने के बावजूद, आरसीबी ने अपनी टीम को पूरा करने के लिए चार खिलाड़ियों को हासिल किया, जिसमें जोनासेन के साथ साउथ अफ्रीकी ऑल–राउंडर क्लो ट्रायोन, भारतीय बैटर तेजल हसबनीस और भारतीय बैटर वृंदा दिनेश शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को खरीदने में फ्रेंचाइजी को कुल 1.10 करोड़ का खर्च आया, जिससे उसके स्पिन अटैक, ऑल–राउंड रिसोर्स और भारतीय बैटिंग विकल्प में गहराई आई। हालांकि, टूर्नामेंट से पहले जोनासेन की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण बात बनी हुई है। चोट से ठीक होने के कारण ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) से नाम वापस ले लिया है, लेकिन आरसीबी को उम्मीद है कि वह डब्ल्यूपीएल के लिए समय पर फिट हो जाएगी। रंगराजन ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने अनुभवी लेफ्ट–आर्म स्पिनर को लेने से पहले जोखिम का अंदाजा लगाया था और अगर उनकी रिकवरी में उम्मीद से ज्यादा समय लगता है तो हमारे पास अन्य प्लान तैयार थे।

उन्होंने अभी डब्ल्यूबीबीएल नहीं खेलने का फैसला किया है क्योंकि वह चोट से उबर रही है। अभी हमारे पास जो जानकारी है, वो यह है कि वह दिसंबर के आखिर तक फिट हो जाएगी, और वह ऑस्ट्रेलिया में कुछ घरेलू लिस्ट–ए गेम खेलेगी और डब्ल्यूपीएल के लिए समय पर फिट हो जाएगी। जेजे एक बहुत अनुभवी खिलाड़ी है। हमें उनकी मौजूदा फिटनेस के बारे में पता है, लेकिन हम फिर भी उन्हें चाहते थे। सोफी के साथ भी ऐसा ही था। हमें अच्छी तरह पता था कि हम किस चीज के लिए साइन अप करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी, तो हमारे पास अपने सभी बैकअप प्लान भी तैयार हैं। मैं खिलाड़ी जेजे पर और जिस तरह से वह हमारी टीम को बेहतर बनाती है, उस पर फोकस करना चाहूंगी। एक लेफ्ट–आर्म स्पिनर जो मिडिल और डेथ ओवरों में हमारे लिए पावरप्ले का विकल्प है, और सबसे जरूरी बात, वह चौथे और छठे नंबर के बीच कहीं भी बैटिंग कर सकता है। इसलिए टीम में जेजे को पाकर बहुत–बहुत खुश हूं। आरसीबी ने 13 रिटेन किए गए खिलाड़ियों और अपने पर्स में बचे 1.15 करोड़ रुपये के साथ ऑक्शन में एंट्री की। रिटेन किए गए ग्रुप में कप्तान स्मृति मंधाना, ऋचा घोष, एलिस पेरी, जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, श्रेयांका पाटिल और लॉरेन बेल आदि शामिल हैं।

टीवीएस मोटर का लाभ दूसरी तिमाही में 50: बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपए पर

नयी दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत बढ़कर 1,194.51 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी की परिचालन आय में भी 38.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 795.48 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष 2026–27 की दूसरी (जुलाई–सितंबर) तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 19,474.44 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,051.22 करोड़ रुपए थी। टीवीएस मोटर कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान वाहनों की बिक्री में दहाई अंक की मजबूत वृद्धि से आय को समर्थन मिला।

इस दौरान कंपनी की कुल दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री अबतक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। कंपनी की कुल दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री 27 प्रतिशत बढ़कर करीब 19.19 लाख इकाई हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 15.07 लाख इकाई थी। तिमाही के दौरान कंपनी ने टीवीएस अपाचे आरटीआर की नई श्रृंखला पेश की। टीवीएस रेडर को अफ्रीका में पेश किया गया, जबकि टीवीएस ऑर्बिटर और एनटॉर्क 150 ने श्रीलंका में शुरुआत की। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 38.9 प्रतिशत बढ़कर 17,776.83 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 12,801.67 करोड़ रुपए था। इस बीच, कंपनी के निदेशक मंडल ने उपभोक्ता वित्त और इससे संबंधित कारोबार को अलग कंपनी में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी।

सतीश कुमार सैनी बने हरियाणा लोक सेवा आयोग के नए अध्यक्ष

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा सिविल सेवा (2011 बैच) के पूर्व अधिकारी सतीश कुमार सैनी ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (भ्च्ैब्) के अध्यक्ष पद की शपथ ले ली है। उन्होंने आलोक वर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद यह कार्यभार संभाला है। हरियाणा लोक भवन में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने से पहले सतीश कुमार सैनी आयोग में ही उप सचिव के पद पर कार्यरत थे, जहाँ से उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी।

इंटर मियामी और एफसी सिनसिनाटी के बीच मुकाबला : एमएलएस

एजेंसी, मियामी। एमएलएस रेगुलर सीजन के मुकाबले में इंटर मियामी सीएफ और एफसी सिनसिनाटी के बीच मैच 2–2 से ड्रॉ रहा। फॉरवर्ड लुइस सुआरेज और विंगर रिकेल्मे फिलिपी के गोलों की मदद से इंटर मियामी ने यह अंक हासिल किया। रिकेल्मे फिलिपी का इंटर मियामी के खिलाड़ी के तौर पर यह पहला गोल था। पहले 45 मिनट के कड़े संघर्ष के बाद इंटर मियामी ने दूसरे हाफ में बढ़त बनाई। 61वें मिनट में सुआरेज ने गोल करके गतिरोध तोड़ा। कैसिमिरो ने बॉक्स के बाईं ओर सुआरेज को पास दिया, जहां उरुग्वे के इस दिग्गज स्ट्राइकर ने गेंद को कंट्रोल किया और फिर अपने दाहिने पैर से एक शानदार कर्लर शॉट लगाकर गेंद को गोल के ऊपरी दाएं कोने में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ रेगुलर सीजन में सुआरेज के कुल गोलों की संख्या 16 हो गई है। वहीं, इस सीजन की शुरुआत में क्लब से जुड़ने के बाद कैसिमिरो का यह पहला असिस्ट था। इसके बाद 80वें मिनट में विपक्षी टीम ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया, और फिर 86वें मिनट में बढ़त बना ली। 83वें मिनट में सब्स्टिट्यूट के तौर पर मैदान पर आए रिकेल्मे फिलिपी ने 90वें मिनट में गोल करके इंटर मियामी के लिए स्कोर 2–2 से बराबर कर दिया।

ब्राजील के विंगर रिकेल्मे फिलिपी को बाईं ओर डी पॉल से गेंद मिली। उन्होंने एक डिफेंडर को छकाते हुए अंदर की तरफ कट किया और शानदार फिनिश के साथ गेंद को गोल पोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचा दिया। इंटर मियामी के लिए यह रिकेल्मे फिलिपी का पहला गोल था। वहीं, डी पॉल का यह इस रेगुलर सीजन का 16वां असिस्ट था, जिसके साथ वह इस लीग कैंपेन में टीम के लिए सबसे ज्यादा असिस्ट देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। कुल मिलाकर, इस एमएलएस रेगुलर सीजन में इंटर मियामी ने अब तक 15 जीत, 6 हार और 11 ड्रॉ के साथ कुल 56 अंक हासिल किए हैं और वह ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है। गौरतलब है कि इंटर मियामी इस सीजन में एमएलएस की सबसे अधिक गोल करने वाली टीम रही है। उन्होंने रेगुलर सीजन के 32 मैचों में कुल 75 गोल किए हैं, जो कि दूसरे नंबर पर मौजूद टीम से 7 गोल ज्यादा हैं। इंटर मियामी रविवार को मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो स्थित जिलेट स्टेडियम में न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ मुकाबले के लिए मैदान में उतरेगी।

इंडियन नेशनल रेसिंग चैलेंज 2डब्ल्यू 2026 : चेन्नई

एजेंसी,चेन्नई। एमआरएफ इंडियन नेशनल रेसिंग चौलेंज 2डब्ल्यू 2026 इस वीकेंड मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (एमआईसी) में वापस आ रहा है, जिसमें 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चौंपियनशिप के तीसरे राउंड में 18 रेस में हिस्सा लेने के लिए 130 एंट्रीज तैयार हैं। मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित यह इवेंट छह सप्ताह के ब्रेक के बाद फिर से शुरू हो रहा है, जिसमें सभी कैटेगरी में चौंपियनशिप पॉइंट्स के लिए मुकाबला तेज हो गया है। इसका फोकस युवा राइडर्स के एक होनहार ग्रुप पर होगा, जिन्होंने शुरुआती दो राउंड में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है और आक्रामक राइडिंग और लगातार परफॉर्मेंस से पुराने कॉम्पिटिटर्स को चुनौती दी है। प्रीमियर सुपर स्पोर्ट 301–400 सीसी ओपन क्लास में पेट्रोनास रेसिंग के तीन टीनएजर्स सबसे आगे हैं। पुणे के सार्थक चव्हाण चार स्टार्ट में से तीन जीत के साथ स्टैंडिंग में टॉप पर हैं, जबकि चेन्नई के रक्षित दवे और बेंगलुरु के चिरंथ विश्वनाथ टॉप तीन में बाकी दो पोजीशन पर हैं। हैदराबाद के राहिल पिल्लारीसेट्टी, जो आरएसीआर के लिए राइड करते हैं, अपने दाहिने हाथ की सर्जरी के बाद तीसरे राउंड में नहीं खेल पाएंगे। पिल्लारीसेट्टी को राउंड 2 में इलेक्ट्रिक आरटीई रेस के दौरान एक क्रैश में चोट लगी थी, लेकिन वह प्रीमियर कैटेगरी में एक मजबूत दावेदार बने हुए थे। उनकी जगह चेन्नई के 16 साल के कबीलेश रजनी कृष्णन लेंगे, जो 11 बार के नेशनल चौंपियन रजनी कृष्णन के बेटे हैं। कबीलेश अपने पिता की बनाई यामाहा आर3 पर इस क्लास में अपना डेब्यू करेंगे। इस टीनएजर ने पहले ही सुपर स्टॉक 301–400 सीसी कैटेगरी में अपनी जगह बना ली है, पहले दो राउंड में लगातार तीन रेस जीतकर स्टैंडिंग में सबसे आगे है। विमेंस रेसिंग ने भी एन जेनिफर के रूप में एक शानदार परफॉर्मर दिया है। चेन्नई की पूर्व विमेंस नेशनल चौंपियन ने इस सीजन में मोटुल स्पार्क्स रेसिंग के लिए सुपर स्टॉक 165 सीसी इंटरमीडिएट क्लास की सभी चार रेस जीती हैं और मिक्स्ड–जेंडर फील्ड में ज्यादा अनुभवी पुरुष प्रतियोगियों से बेहतर परफॉर्म किया है। स्टॉक 301–400 सीसी और स्टॉक 165 सीसी नोविस कैटेगरी में भी करीबी मुकाबले हुए हैं, जिसमें बड़े ग्रिड और शुरुआती राउंड से ही कई रेस जीतने वाले सामने आए हैं।

प्रो–स्टॉक 200 सीसी क्लास में भी ऐसा ही पैटर्न रहा है, जिससे वीकेंड में होने वाली चौंपियनशिप की लड़ाइयों को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। पेट्रोनास वन–मेक चौंपियनशिप में तीन कैटेगरी होंगी कृ अपाचे आरआर 310 पर एक्सपर्ट, आरटीआर 200 पर रूकी और आरटीआर 200 पर विमेन। चौंपियनशिप में देश भर में ट्रायल के जरिए राइडर्स की पहचान की जाती है, फिर चुने हुए पार्टिसिपेंट्स को ऑन–ट्रैक ट्रेनिंग दी जाती है। एक्सपर्ट कैटेगरी में हैदराबाद के राजेंद्र बीदानी और चेन्नई के कमल नवास ने दो–दो जीत हासिल की हैं। बेंगलुरु के 16 साल के देव अगस्त्य और तेलंगाना के मंचेरियल के विग्नेश पोथु ने रूकी क्लास में दो–दो जीत हासिल की हैं। बेंगलुरु की पूजिता अनिल कुमार विमेन कैटेगरी में एक लीडिंग कंटेंडर के तौर पर उभरी हैं और उन्होंने इस सीजन में अब तक हुई दोनों रेस जीती हैं। चौंपियनशिप पॉइंट्स दांव पर लगे हैं और लीडिंग राइडर्स अपनी पोजीशन मजबूत करना चाहते हैं, इसलिए तीसरे राउंड में पूरे ग्रिड में कॉम्पिटिटिव रेसिंग होने की उम्मीद है। इवेंट के चेयरमैन और रेस डायरेक्टर मनोज दलाल ने कॉम्पिटिशन की क्वालिटी और दिखाए गए टैलेंट की गहराई पर जोर दिया।

ब्राइटन पर जीत के बाद मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर मारेस्का बोले–हमने कभी पेनल्टी का अभ्यास नहीं किया

एजेंसी,होल्डर्स। सिटी जिसने रेगुलर टाइम में दो बार वापसी की, ने पेनल्टी पर गेम 4–3 से जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना ब्रैडफोर्ड सिटी से होगा। जीत के बाद मारेस्का ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, जब से मैं यहां हूं, हमने कभी पेनल्टी का अभ्यास नहीं किया। फिल फोडेन, एंजो फर्नांडीज, जेरेमी डोकू और रेयान चेर्की ने स्पॉट से गोल करके सिटी का काम पूरा कर दिया। हालांकि माटेओ कोवासिक का स्ट्राइक चूक गया, लेकिन सिटी के बैक–अप गोलकीपर गेरोनिमो रुली ने यासीन अयारी और लुईस डंक की कोशिशों को बचाकर टीम को बहुत जरूरी जीत दिलाई। मलिक याल्कोये ने 30वें मिनट में ब्राइटन को आगे कर दिया था, इससे पहले कोवासिक ने पहले हाफ के आखिर में बराबरी का गोल किया।

दूसरे हाफ में जॉर्जिनियो रटर के 47वें मिनट में गोल करने से सीगल्स फिर से आगे हो गए। विटोर रीस ने 72वें मिनट में बहुत जरूरी बराबरी का गोल करके गेम को पेनल्टी तक पहुंचा दिया।

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352

आर.एन.आई.रूUPHIN/2008/32231

डाक पंजीयन : जी–2 / न्यूज पेपर / 59 / 2004.

E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादकः विजय दुबे

कार्यकारी संपादकः दीप्ती दुबे '

संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

'समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी



मोहब्बत की दुकान' आखिर क्या बिक रहा है : नायब सिंह सैनी

राजेंद्र सिंह जादौन

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों के घर उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर पहुंचाने और गरीबों को इलाज की सुविधा देने का काम किया, लेकिन कांग्रेस इन योजनाओं का भी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि वह गरीबों के हित में किए जा रहे कामों का विरोध क्यों कर रही है।

चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को दुनिया का नंबर एक राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। किसानों को मजबूत करने के लिए उनके खातों में छह हजार रुपये की राशि पहुंचाई जा रही है। इसके बावजूद कांग्रेस प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणियां करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से परिवार को लेकर की गई टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और देश के लोग कांग्रेस को इसके लिए माफ नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' पर सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, लेकिन देश और प्रदेश के लोगों को मालूम है कि इस दुकान में जहर बिक रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी की इस दुकान में 1984 के दंगों की भी जगह है? क्या हरियाणा में कांग्रेस के समय लोगों के घर और दुकानें जलाने तथा दलितों की बस्तियां जलाने की घटनाओं को भी इस दुकान में सजाया जाएगा? राहुल गांधी को देश को बताना चाहिए कि क्या यही उनकी मोहब्बत की दुकान है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे और लोगों की जान लेकर चले जाते थे। उस समय आतंकवादी घटनाओं पर प्रभावी जवाब सामने नहीं आता था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर रोक लगाने का काम किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर सवाल उठाती रही है। हाल ही में बैलेट पेपर से हुए चुनावों के परिणामों में कांग्रेस की स्थिति क्या रही, यह भी उसे बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के इन आरोपों और बयानों को जनता समझ चुकी है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान दंगों और कानून–व्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए सवाल किया कि क्या अखिलेश यादव भी राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में शामिल होकर इन घटनाओं का जवाब देंगे? उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं को देश की जनता को बताना चाहिए कि उनकी मोहब्बत की दुकान में आखिर क्या बिक रहा है। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल दावा करते हैं कि उनके कार्यकाल में स्कूलों की ऐसी व्यवस्था की गई कि बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बन गए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो केजरीवाल को सूची जारी करनी चाहिए कि उनके कार्यकाल में कितने बच्चे डॉक्टर और कितने इंजीनियर बने। उन्होंने कहा कि केवल बड़े–बड़े दावे करने और झूठ बोलने से काम नहीं चलता। देश को गुमराह करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल को अपने कार्यकाल में किए गए कामों और दावों का विवरण जनता के सामने रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है और पंजाब की जनता भी उसे बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी कर चुकी है। पंजाब में जल्द चुनाव कराने की मांग से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब में कानून–व्यवस्था की स्थिति गंभीर हुई है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अब बदलाव चाहते हैं और प्रदेश को मजबूत बनाना चाहते हैं।पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच साल तक लोगों को चुटकुले सुनाकर पेट नहीं भरा जा सकता। नशा खत्म करने को लेकर किए गए दावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के समय अब पंजाब के लोग इन दावों का हिसाब मांग रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा दिखाई दे रहा है। कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग कांग्रेस से भी परेशान हैं। पंजाब में अवैध खनन के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर भी सवाल उठाए। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा खनन मामले को लेकर उठाए गए सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि चन्नी के कार्यकाल में खनन के मामलों की स्थिति क्या थी, यह उन्हें भी याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों के कामकाज को देख चुकी है। मुख्यमंत्री ने अपने गुजरात दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात को एक मजबूत और दिशा देने वाले प्रदेश के रूप में खड़ा किया है। गुजरात दौरे के दौरान उद्योगों को हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े उद्योगों ने हरियाणा में रुचि दिखाई है और एमओयू हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि गुजरात के उद्योगों ने हरियाणा में निवेश के प्रति रुचि दिखाई है।

पाकिस्तानः नाले में गिरी बस पांच की मौत और 27 घायल

एजेंसी,लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब में गुरुवार को एक बस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 27 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने आपातकालीन सेवा प्रदाता संस्था के हवाले से ये जानकारी दी। प्रमुख अंग्रेजी दैनिक डॉन ने बताया कि देश की आपातकालीन सेवा प्रदाता संस्था रेस्क्यू 1122 के अनुसार पंजाब के हाफिजाबाद जिले में एक यात्री बस के नाले में गिरने से हादसा हुआ। रेस्क्यू दल ने बताया कि यह हादसा पिंडी भटियां तहसील के फतेहके इलाके में हुआ। बताया जा रहा है कि बस रायविंड से चिनियोट जा रही थी। रेस्क्यू कर्मियों के मुताबिक, तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर का गाड़ी से नियंत्रण हट गया। हादसे के तुरंत बाद, रेस्क्यू 1122 की टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि उनमें से 20 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय प्रशासन की मदद से एक क्रेन का इस्तेमाल करके बस को बाहर निकाला गया, जिसके बाद गाड़ी के नीचे से पांच लोगों के शव बरामद किए गए। इस आशंका के बीच कि मलबे के नीचे और भी यात्री फंसे हो सकते हैं, रेस्क्यू टीमों ने अपना तलाशी अभियान जारी रखा। इस बचाव अभियान में पांच रेस्क्यू वाहनों ने हिस्सा लिया। एक हफ्ते में ये दूसरा भयावह बस हादसा है। पिछले हफ्ते, बलूचिस्तान में क्वेटा–कराची हाईवे पर उथल के पास जीरो पॉइंट के निकट एक मिनीबस और यात्री कोच की आमने–सामने की टक्कर में 12 यात्रियों की मौत हो गई थी और 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इससे पहले राजनपुर जिले की रोजहान तहसील में इंडस हाईवे पर एक यात्री बस सड़क के डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी और 44 अन्य घायल हो गए थे। वहीं, मीडिया आउटलेट जियो न्यूज के अनुसार नहर या नाले में गिरने से हुए हादसों की ये नई कड़ी है। जून 2026 में धर्मपुरा–चौबचा फाटक (लाहौर) के पास यात्री वैन के नहर में गिर जाने से सात लोग घायल हो गए थे।

द्द्वद्ध;ग्र.ग्र्र द्वह्यड्ड 3ह्ल्य सह्य ट्टग्र्द्ध ट्टग्र्ह्य द्यग्र4 द्वह्यड्ड 35 ९+ह्यड्ड3ह्य] 450 द्धिह द्धष्टथड्ड्ड4 द्दग्र्ह्य3ग्र ॥ग्र्ग्रथ

लोक हस्तक्षेप संवाददाता, चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गन्ना किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए अगले दो वर्षों के लिए गन्ने के भाव में घ35 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की है। वर्ष 2025–26 के घ415 के भाव को बढ़ाकर सीजन 2026–27 में घ430 और सीजन 2027–28 में घ450 प्रति क्विंटल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस फैसले से किसानों की प्रति एकड़ आय में घ10,000 से घ11,300 तक की वृद्धि होगी। दामों की अग्रिम घोषणा से किसानों को खेती की योजना बनाने में आसानी होगी और वे दूसरी फसलों की ओर रुख नहीं करेंगे। इससे चीनी मिलों को भी अपनी पूरी क्षमता से चलने के लिए पर्याप्त गन्ना मिल सकेगा। यह कदम डीजल, खाद और मजदूरी की बढ़ती लागत से परेशान किसानों को राहत देने के लिए उठाया गया है।

'अर्नब' के असर से धान की फसल को नुकसान

उरई/जालौन,संवाददाता। जालौन में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे मौसम अचानक बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी है। खेतों में खड़ी धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

नितिन नवीन और अमित शाह के दौरों की तैयारी में जुटी हरियाणा भाजपा

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

चंडीगढ़। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के हरियाणा दौरे को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। अगले महीने के पहले सप्ताह में अमित शाह और नितिन नबीन हरियाणा का दौरा करेंगे। इस दौरे को लेकर भाजपा में बैठकों का दौर चल रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 1 नवंबर 2026 को हरियाणा दिवस के मौके पर रोहतक में पार्टी की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में शामिल होंगे। नितिन नबीन पार्टी कार्यकर्ताओं संबोधित करेंगे। नितिन नबीन के रोहतक दौरे को लेकर लेकर भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दक्षिण हरियाणा के कई जिलों के भाजपा विधायकों की बैठक कर जरूरी निर्देश जारी किए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 5 नवंबर को भाजपा के जनसंपर्क अभियान 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के तहत निकलने वाली पदयात्रा में करनाल में शामिल होंगे। इस दौरान पदयात्रा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। अमित शाह अंबाला छावनी में 1857 की क्रांति के वीरों के सम्मान में बनाए गए भव्य और एशिया के सबसे ऊंचे 'शहीद स्मारक' का उद्घाटन करेंगे। गांधी मैदान में वो एक रैली में शिरकत करेंगे। नितिन नबीन के रोहतक दोरे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में रोहतक, झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी समेत कई जिलों से पार्टी के विधायक मौजूद रहे।